

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 309

ग्वालियर, शुक्रवार 29 जुलाई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



## द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपत्नी बोलने पर संसद में भारी हंगामा

**नई दिल्ली।** महाहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपत्नी बोलने पर संसद में भारी हंगामा हुआ है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार को दिल्ली में पार्टी के एक प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रपति के लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया था। इसे अब भाजपा ने मुद्दा बना लिया है। संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और स्मृति इरानी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। स्मृति इरानी ने कहा कि इसके लिए कांग्रेस को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। इस बीच लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही हंगामे के चलते 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। भाजपा का कहना है कि इस मामले में सोनिया गांधी को माफी मांगनी चाहिए। स्मृति इरानी ने कहा कि कांग्रेस नेता का बयान बताता है कि उनकी पार्टी की सोच क्या है। उन्होंने कहा कि अधीर रंजन चौधरी जी ने राष्ट्रपति जी को राष्ट्र की पत्नी बताकर अपनी सोच उजागर की है। यह सभी जानते हैं कि कांग्रेस की सोच आदिवासी विरोधी है और महिलाओं के खिलाफ है। अधीर रंजन चौधरी ही नहीं कांग्रेस को भी इस पर माफी मांगनी चाहिए।



लोकसभा से लेकर राज्यसभा तक में भाजपा ने इस मसले को पूरी ताकत के साथ उठाया है। राज्यसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोर्चा संभाला और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अधीर रंजन चौधरी की टिप्पणी महिला विरोधी है और सेक्सिस्ट है। इस बीच अधीर रंजन चौधरी ने सफाई देते हुए कहा कि अचानक उनके मुंह से यह शब्द निकल गया था। उनकी कोई गलत मंशा नहीं थी। माफी के सवाल पर अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि चूक से एक शब्द निकल गया था। मैंने पहले राष्ट्रपति कहा और साथ-साथ में राष्ट्रपत्नी शब्द निकल गया। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि कल और परसों लगातार हम लोग जब विजय चौक की तरफ प्रदर्शन कर रहे थे तो हमसे पूछा गया कि आप कहां जाना चाहते हैं तो मैंने कहा था कि राष्ट्रपति से मिलना चाहते हैं। राष्ट्रपति बोलने के तुरंत बाद निकल गया कि राष्ट्रपत्नी से मिलना चाहते हैं। मेरी टिप्पणी के बाद पत्रकार तुरंत निकल गए, मैं उन्हें मिलकर बताना चाहता था, लेकिन वह मिले ही नहीं। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि सिर्फ एक बार ऐसा शब्द निकल गया।

## मंकीपॉक्स संक्रमण के 95 प्रतिशत मामलों का कारण यौन संबंध

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में मंकीपॉक्स के बढ़ते संक्रमण के बीच रिसर्च में बड़ा खुलासा हुआ है। शोध में कहा गया है कि मंकीपॉक्स से संक्रमित 98 प्रतिशत पुरुष थे, और इनमें से ज्यादातर, पुरुषों (एमएसएम) के साथ यौन संबंध रखते थे। इसके साथ ही 41 प्रतिशत रोगियों को एचआईवी संक्रमण था। रिसर्च में कहा गया है कि संक्रमित व्यक्तियों की औसत आयु 38 वर्ष थी और संदेह है कि संक्रमण के 95 प्रतिशत मामलों का कारण यौन संबंध है। रिसर्च में आशंका जाहिर की गई हैं कि मंकीपॉक्स संक्रमण यौन संबंधों से फैल रहा है। रिसर्च में 27 अप्रैल से 24 जून के बीच 16 देशों में 43 जगहों पर 528 संक्रमितों का ऑब्जर्वेशन किया गया। हालांकि इनमें से किसी की मौत नहीं हुई है। इनमें सिर्फ 13 प्रतिशत रोगियों को अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता लगी। अभी तक 74 देशों में मंकीपॉक्स के लगभग 18,000 कंफर्म मामले सामने आए हैं। मामलों की समीक्षा से साफ होता हैं, कि संक्रमित लोगों में से 1 से 3 प्रतिशत मरीजों की इलाज के अभाव में मृत्यु हो गई और मृत्यु दर 3 से 6 प्रतिशत है। वहीं भारत में मंकीपॉक्स संक्रमण को लेकर केंद्र सरकार काफी सतर्क है। भारत सरकार ने राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन से एक मार्गदर्शन दस्तावेज तैयार करने के लिए कहा है। एक्सपर्ट्स ने एचआईवी/एड्स रोकथाम नेटवर्क और इस क्षेत्र में काम करने वाले एनजीओ के माध्यम से निगरानी करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। दूसरी ओर आईसीएमआर ने मंकीपॉक्स संक्रमण को रोकने के लिए वैक्सीन और किट बनाने के लिए प्राइवेट पार्टनर्स को आमंत्रित किया है। आईसीएमआर ने भारत बायोटेक के सहयोग से भारत के पहले स्वदेशी कोविड वैक्सीन के निर्माण के लिए यही तरीका अपनाया था। मंकीपॉक्स पर केंद्र की ओर से जारी दिशानिर्देशों में कहा गया है कि संक्रमण की स्थिति में इक्कीस दिनों का आइसोलेशन, मास्क पहनना, हाथ साफ रखना और घावों को पूरी तरह से ढक कर रखना जरूरी है।



## किसानों के लिए आय के वैकल्पिक साधन बनाने की रणनीति के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं : पीएम मोदी

### साबरकांठा में साबर डेयरी में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात के के साबरकांठा में गढ़ोदा चौकी के निकट साबर डेयरी में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं से स्थानीय किसानों और दूध उत्पादकों को सशक्त बनाया जाएगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। इससे क्षेत्र की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने सुकन्या समृद्धि योजना के लाभार्थियों और शीर्ष महिला दुग्ध उत्पादकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल उपस्थित थे।

सभा को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने कहा, ÷आज साबर डेयरी का विस्तार हुआ है। सैकड़ों करोड़ रुपए के नए प्रोजेक्ट यहां लग रहे हैं। आधुनिक टेक्नॉलॉजी से लैस मिल्क पाउडर प्लांट और ए-सेप्टिक पैकिंग सेक्शन में एक और लाइन जुड़ने से साबर डेयरी की क्षमता और अधिक बढ़ जाएगी।÷ प्रधानमंत्री ने साबर डेयरी के संस्थापकों में से एक, भूरा पटेल को भी याद किया। उन्होंने क्षेत्र और स्थानीय लोगों के साथ अपने लंबे जुड़ाव को भी याद किया। प्रधानमंत्री ने दो दशक पहले अभाव और सूखे की स्थिति को याद किया। उन्होंने याद करते हुए कहा कि कैसे उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में लोगों के सहयोग से क्षेत्र में स्थिति को सुधारने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि पशुपालन और डेयरी उस प्रयास का प्रमुख तत्व है। उन्होंने चारा, दवा उपलब्ध कराकर पशुपालन को बढ़ावा देने और मवेशियों के लिए आयुर्वेदिक उपचार को बढ़ावा देने के बारे में भी बताया। उन्होंने विकास के उत्प्रेरक के रूप में गुजरात ज्योतिग्राम योजना के बारे में चर्चा की। मोदी ने गर्व के साथ कहा कि पिछले दो दशकों में उठाए गए कदमों के कारण गुजरात में डेयरी बाजार 1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उन्होंने 2007 और 2011 में अपनी पिछली यात्राओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के अपने अनुरोध की याद दिलाई। अब ज्यादातर समितियों में महिलाओं का अच्छा प्रतिनिधित्व है। उन्होंने कहा कि दूध का भुगतान ज्यादातर महिलाओं को किया जाता है। उन्होंने कहा कि ये प्रयोग अन्य क्षेत्रों में भी किए जा रहे हैं। देश में आज 10,000 किसान उत्पादक संघ-एफपीओ के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। इन एफपीओ के माध्यम से छोटे किसान फूड प्रोसेसिंग से जुड़ी, एक्सपोर्ट से जुड़ी वैल्यू और सप्लाई चेन से सीधे जुड़ पाएंगे। उन्होंने कहा कि इसका बहुत अधिक लाभ गुजरात के किसानों को भी होने वाला है।

प्रधानमंत्री कहा कि किसानों के लिए आय के वैकल्पिक साधन तैयार करने की रणनीति के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। बागवानी, मत्स्यपालन, शहद उत्पादन से किसानों को अच्छी आमदनी हो रही है। खादी और ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार एक लाख करोड़ से अधिक हो गया है। इस क्षेत्र में गांवों में 1.5 करोड़ से अधिक नए रोजगार सृजित हुए। पेट्रोल में एथेनॉल ब्लेंडिंग बढ़ाने जैसे उपाय किसानों के लिए नए रास्ते तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷2014 तक देश में 40 करोड़ लीटर से भी कम इथेनॉल की ब्लेंडिंग होती थी। आज ये करीब 400 करोड़ लीटर तक पहुंच रहा है। हमारी सरकार ने बीते 2 वर्षों में विशेष अभियान चलाकर 3 करोड़ से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड भी दिए हैं।



## खास खबर

### भारतीयों का अपमान करने पर सिंगापुर के नागरिक को एक हफ्ते की जेल और जुर्माना

**सिंगापुर।** कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करने वाले दो भारतीय कामगारों का एक साल पहले सिंगापुर के एक शख्स ने अपमान किया था। स्थानीय अदालत ने अब उसे सजा सुनाई गई है। उसे मिली सजा के तहत अब एक सप्ताह का समय जेल में काटना होगा, इसके साथ ही एक हजार सिंगापुर डालर का जुर्माना भी भरना होगा। दरअसल एक साल पहले यहां एक सिंगापुर के नागरिक ने भारत मूल के दो कर्मचारियों का अपमान किया गया था। अब जाकर इस मामले में सजा दी गई है। 56 वर्षीय ली पो कियान ने दो भारतीय वर्करों को अपमानित किया था और अपने बचाव में कहा कि उनके पास संवैधानिक अधिकार है कि वह अपनी बात कह सकते हैं। इसपर डिप्टी पब्लिक प्रासिक्यूटर सीन तेह ने कहा अपने केस को लेकर दोषी की ओर से रखा जा रहा पक्ष सही नहीं है। जब यह घटना घटी थी तक रत्नसिंगम जतीसन और कृष्णन कार्तिकेयन के पास ली बगैर मास्क ही मौजूद थे। यह घटना पिछले साल 12 जुलाई की है।

### सोमालिया में आत्मघाती हमले में 11 लोगों की मौत

**मोगादिशु।** दक्षिणी सोमालिया में एक सरकारी इमारत के प्रवेश द्वार पर बुधवार को एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोट करके खुद को उड़ा लिया, जिसमें कम से कम 11 लोग मारे गए हैं। लोअर शाहबेले क्षेत्र के मारका शहर प्रशासन के महासचिव मोहम्मद उस्मान यारीसोव ने बताया कि जिला आयुक्त अब्दिल्लाही अली वाफोव हमले में मारे गए लोगों में शामिल हैं। यारीसोव ने बताया कि हमने जिला मुख्यालय में बैठक समाप्त ही की थी और बाहर की तरफ जा रहे थे, तभी हमने देखा कि एक अज्ञात व्यक्ति हमारी तरफ आ रहा है और फिर उसने विस्फोट करके खुद को उड़ा लिया। उन्होंने बताया कि हमले में आयुक्त का सुरक्षाकर्मी ,बुजुर्ग और महिला भी मारी गयी। आतंकवादी संगठन अल शबाब ने हमले की जिम्मेदारी ली है। मारका राजधानी मोगादिशु से सौ किलोमीटर दक्षिण में है।

### पुंछ नदी की बाढ़ में फंसे चार लोगों को सेना के जवानों ने आधी रात को किया रेस्क्यू

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में अचानक आई बाढ़ में चार लोगों के फंसने के बाद सेना ने बचाव अभियान शुरू किया और उन्हें बचा लिया। रक्षा मंत्रालय के जम्मू स्थित एक जनसंपर्क अधिकारी ने ने बताया कि पुंछ नदी में बीती रात भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई थी, जिसमें चार लोग फंस गए थे। इसकी सूचना झूलास स्थित सेना की इकाई को दी गई। सेना ने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए तेजी से कार्रवाई की और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) तथा पुलिस के सहयोग से झूलास की बाढ़ में फंसे चार लोगों को बचा लिया। रामबन जिले में बुधवार को सुबह से मिट्टी धंसने और पत्थर गिरने के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया। गुरूवार को भी कई वाहन फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैफेटेरिया मूर और पंटियाल इलाकों में पत्थर गिरे, जिससे मेहार पर कश्मीर को शेष देश से जोड़ने वाला यह राजमार्ग अवरुद्ध हो गया। यातायात पुलिस के परामर्श के अनुसार, लोगों को मार्ग संबंधी पूर्ण जानकारी हासिल होने तक जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर यात्रा ना करने का सुझाव दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू से कश्मीर जाने वाले अमरनाथ तीर्थयात्रियों को फिलहाल चंद्रकूट यात्रा निवास में रोका गया है।

### जंगल में खेलने गए बच्चों को जबरन लीसे से नहला दिया, घटना के बाद लोगों में आक्रोश

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा जिले में बच्चों के साथ अमानवीयता का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जंगल में कुछ लोगों ने बच्चों को जबरन लीसे से नहला दिया। जिससे बच्चों की बच्चों की आखों में सूजन आने के साथ जलन शुरू हो गई है। लीसा डामर की तरह लसीला ज्वलनीश पदार्थ होता है। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद से हड़कंप मचा हुआ है। मामला अल्मोड़ा जिले के देघाट क्षेत्र का है। बच्चों के सिर पर जबरन लीसा डालने का वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन में हड़कं मच गया है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष है। खानपुर के विधायक उमेश कुमार ने इंटरनेट पोस्ट के जरिए सीएम पुष्कर धामी से भी मामले का संज्ञान लेने की मांग की है। स्याल्दे तहसील के ग्राम गुरना में पांच बच्चे जंगल की तरफ खेल रहे थे। ठेकेदारों ने चीड़ के पेड़ से लीसा निकालने के लिए गमले लगा रखे थे। इस दौरान बच्चों से कुछ गमले निकल गए। इस दौरान लीसा ठेकेदार की ओर से रखे गए एक नेपाली श्रमिक ने बच्चों को गमलों से खेलते हुए पकड़ लिया। श्रमिक और उसके साथी ने बच्चों को धमकाना शुरू किया। बच्चों को श्रमिकों ने फटकार लगाई। इसके बाद क्रूरता दिखाते हुए बच्चों से उनके सिर पर जबरन लीसा डलवाया गया।

## तानाशाह किम ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया को धमकाया

**सियोल।** दुनिया के नियमों को ताक पर रखने वाला उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन हमेशा अपनी मनमानी करता आया हैं। जहां पूरी दुनिया पर्यावरण को बचाने के लिए कम परमाणु शक्तियों का प्रयोग करने के नियम बना रही हैं। वहीं तानाशाह लगातार परमाणु परीक्षण कर अपने देश के हथिहारों को बढ़ा है। उत्तर कोरिया में लोग भूख और बीमारी से मर रहे हैं, लेकिन लोगों की चिंता छोड़कर किम दुनिया के ताकतवर देशों को धमकाने पर लगा है। उत्तर कोरियाई नेता ने चेतावनी दी कि वह अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ संभावित सैन्य संघर्षों में अपने परमाणु हथियारों का उपयोग करने के लिए तैयार हैं। किम ने दावा है कि उनके प्रतिद्वंद्वी कोरियाई प्रायद्वीप को युद्ध की कगार पर धकेल रहे हैं। किम ने 1950-53 के कोरियाई युद्ध की समाप्ति की 69वीं वर्षगांठ पर पूर्व सैनिकों को संबोधित कर यह टिप्पणी की। भाषण का उद्देश्य महामारी से संबंधित आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे देश में आंतरिक एकता को बढ़ावा देना है। कुछ पर्यवेक्षकों का कहना है कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया के खिलाफ उत्तर कोरिया की धमकियां बढ़ सकती हैं, क्योंकि दोनों सहयोगी देश अपने सैन्य अभ्यास को विस्तार देने की योजना बना रहे हैं, जिसे उत्तर कोरिया आक्रमण के अभ्यास के तौर पर देखता है। किम ने भाषण में कहा, हमारे सशस्त्र बल किसी भी संकट से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



## मुझसे बात मत करो, संसद में स्मृति ईरानी पर भड़कीं सोनिया गांधी दोनों में हुई तीखी बहस

**नई दिल्ली।** भाजपा की ओर से राज्यसभा और लोकसभा में जमकर हंगामा किया गया। इसके बाद अब सदन से बाहर सोनिया गांधी और स्मृति इरानी की तीखी बहस हुई है। दरअसल सदन की कार्यवाही स्थगित किए जाने के बाद सोनिया गांधी जब बाहर निकल रही थीं तो उन्हें देखकर भाजपा के सांसद नारेबाजी करने लगे। इस बीच सोनिया गांधी भाजपा की सांसद रमा देवी के पास आईं और उन्होंने कहा कि अधीर रंजन चौधरी ने अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांग ली है। इसी बीच स्मृति इरानी ने बीच में दखल देने की कोशिश की, जिस पर सोनिया गांधी भड़क गईं। उन्होंने कहा कि मैं आपसे बात नहीं करना चाहती। सोनिया गांधी ने ष्ठश्ठ्ठ%ह्ल ह्लड्डद्यद्म ह्लश द्वद्ग कहा, जिसके जवाब में स्मृति इरानी ने भी कुछ कहा और दोनों के बीच करीब दो मिनट तक तीखी बहस चली। साफ है कि संसद में विपक्ष और सत्तापक्ष के बीच कड़वाहट बढ़ गई है और नेताओं के आपसी रिश्तों में भी खटास देखने को मिल रही है। बता दें कि स्मृति इरानी इस मुद्दे पर संसद में भी आक्रामक थीं। उन्होंने कहा था कि सोनिया गांधी की अनुमति से ही अधीर रंजन चौधरी ने ऐसा बयान दिया है, इसलिए खुद सोनिया गांधी को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस मामले पर कहा, %%हमारे कुछ लोकसभा सांसदों को खतरा महसूस हुआ जब सोनिया गांधी हमारी वरिष्ठ नेता रमा देवी के पास यह जानने के लिए आईं कि क्या हो रहा था। इस दौरान हमारा एक सदस्य वहां पहुंचा और सोनिया गांधी ने कहा ÷मुझसे बात मत करो। वहीं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा लोकसभा में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अमर्यादित और अपमानजनक व्यवहार किया। लेकिन क्या स्पीकर इसकी निंदा करेंगे? क्या नियम सिर्फ विपक्ष के लिए होते हैं।



## गेहूं और चावल की कीमतों में भारी वृद्धि

**नई दिल्ली।** पिछले 2 माह में गेहूं और चावल के दाम तेजी के साथ बढ़ना शुरू हो गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा गेहूं के निर्यात पर रोक लगाए जाने के बाद भी लगभग 40 लाख टन गेहूं और उससे बने उत्पाद विदेशों में निर्यात कर दिए गए हैं। इस साल खरीफ फसल के रूप में गेहूं की काफी कम खरीद हुई है। फ़ूड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया के गोडाउन में गेहूं का स्टाक पिछले 5 वर्षों में सबसे कम है। केंद्र सरकार द्वारा डब्ल्यूटीओ के तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गेहूं निर्यात की विशेष अनुमति मांगे जाने के कारण, गेहूं के निर्यात की संभावना बनी हुई है। कम स्टाक और ज्यादा मांग के चलते जून माह में जो गेहूं 2260 रुपये प्रति क्विंटल बिक रहा था।

## कुल्लू में बारिश में ढहाया कहर, बादल फटने से करीब 26 लोग बेघर

**धर्मशाला।** हिमाचल में भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सबसे ज्यादा असर कुल्लू जिला में देखने को मिला है। जहां चनाईगाड गांव में बादल फटने से करीब 26 लोग बेघर हो गए हैं। पहाड़ी से मलबा आने के कारण इनके घर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। पार्वती घाटी में भी भारी बारिश हुई है। मणिकर्ण भुंतर मार्ग पर एक टेंपो ट्रेवलर सड़क पर आए नाले के पानी में फंस गई। काफी देर तक लोगों की जान आफत में फंसी रही। हालांकि नाले का पानी का कम होने पर वाहन को वहां से निकाल लिया गया। मंडी में महामृत्युंजय मंगवाई मार्ग पर पत्थर गिरने से दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। कुल्लू बागीपुल के चनाईगाड गांव में बादल फटने से मची तबाही। भारी मात्रा में मलबा गांव में आने से लोगों के घरों को भारी नुकसान पहुंचा है। लोग अल सुबह पांच बजे यदि घरों को छोड़कर नहीं भागते, तब बाद में यहां से निकलना आसान नहीं था। चनाईगाड गांव में कई घर मलबे में दब गए हैं। घरों के पास लगे मलबे व बड़े-बड़े पत्थरों के ढेर।



## महाराष्ट्र में 367 स्थानों पर निकाय चुनाव में ओबीसी को नहीं दिया जाएगा आरक्षण : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम निर्णय दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि 367 जगहों पर स्थानीय निकायों के चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को आरक्षण नहीं दिया जाएगा। दरअसल आरक्षण की अनुमति मिलने से पहले ही राज्य चुनाव आयोग ने 367 जगहों के लिए अधिसूचना जारी कर दी थी। ऐसे में अब यहां बिना आरक्षण के ही चुनाव कराए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उन सीटों के लिए नए सिरे से चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर राज्य चुनाव आयोग ने ऐसा किया तो ये कोर्ट की अवमानना मानी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को महाराष्ट्र चुनाव आयोग को जमकर फटकार लगाई। दरअसल आयोग ने आरक्षण देने के लिए दोबारा अधिसूचना जारी करने का आदेश जारी किया था। जिसे कोर्ट ने गलत माना, अदालत ने कहा कि चुनाव आयोग उन चुनावों में हस्तक्षेप नहीं कर सकता है जिन्हें पहले ही अधिसूचित किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि 20 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू करने की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया था। उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) और सभी राज्य प्राधिकरणों को ये सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि ओबीसी आरक्षण से संबंधित आयोग द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार स्थानीय निकायों के चुनाव की प्रक्रिया ÷तुरंत शुरू÷ की जाए। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने ओबीसी आबादी से संबंधित आवश्यक आंकड़ों के अभाव के चलते महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को रद्द कर दिया था।



**न्यूज़ ट्रैक....**

## पहली बार ओंटारियो में हुए थे राष्ट्रमण्डल खेल

**बर्मिंघम** । राष्ट्रमंडल खेलों का रोचक इतिहास है। इन खेलों में वह सभी देश भाग लेते हैं, जो ओलंपिक के भी सदस्य हैं। इसका आयोजन हर चार साल में एक बार होता है। इसमें वो सभी खेल खेले जाते हैं जो ओलंपिक का हिस्सा होते हैं। पहला राष्ट्रमंडल खेल, जिसे ब्रिटिश साम्राज्य खेलों के रूप में जाना जाता था, कनाडा में 1930 में हैमिल्टन, ओंटारियो में आयोजित किया गया था। वहीं साल 1930 में हैमिल्टन में पहले खेलों की सफलता के साथ ही इसका नियमित रूप से आयोजन भी किया जाने लगा। 1930 के बाद से केवल दो बार को छोड़कर हर चार साल में कॉमनवेल्थ गेम्स आयोजित किए जाते हैं। 1942 और 1946 में द्वितीय विश्व युद्ध के कारण इसे रद्द कर दिया गया था। राष्ट्रमंडल खेलों की स्थापना इतिहास पर की गई है। इन खेलों के खिताब का 1930 से अब तक 4 बार नाम बदला जा चुका है। राष्ट्रमंडल खेलों को 1930 से 1950 तक ब्रिटिश साम्राज्य खेल, 1954 से 1966 तक ब्रिटिश साम्राज्य और राष्ट्रमंडल खेलों और 1970 से 1974 तक ब्रिटिश राष्ट्रमंडल खेलों के रूप में जाना जाता था। 2018 में सीडब्ल्यूजी पहला वैश्विक बहु-खेल आयोजन बन गया, जिसमें पुरुषों और महिलाओं की समान संख्या में पदक शामिल थे।

## टी20 विश्व कप के फाइनल में होगा भारत और ऑस्ट्रेलिया में मुकाबला : पोंटिंग

**सिडनी** । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचेंगे। पोंटिंग ने कहा, मुझे लगता है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ही खिताबी मुकाबला खेला जाएगा जिसमें उनकी टीम को जीत मिलेगी। इसका कारण उन्होंने उसे घरेलू हालातों का लाभ मिलना बताया है। पोंटिंग ने यहा भी कहा कि अभी इंग्लैंड की टीम सफेद गेंद के प्रारुप में सबसे शानदार टीम है और उनके पास इस फॉर्मेट के लिए बहुत ही अच्छा सेटअप भी है। मुझे लगता है कि इस समय तीन टीमें हैं भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के पास सबसे ज्यादा मैच विजेता खिलाड़ी भी हैं। इस पूर्व कप्तान ने हालांकि पाकिस्तान टीम के प्रदर्शन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पाक कप्तान आजम अगर टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं करते हैं, तो मुझे नहीं लगता कि पाक टीम टूर्नामेंट जीत सकती है। साथ ही कहा कि मैंने उसे कुछ साल पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में यहां करीब से देखा था। वह साल दर साल और अच्छा होता जा रहा है। पोंटिंग ने कहा कि सलामी बल्लेबाजों के अलावा तेज गेंदबाज यहां अहम भूमिका निभा सकते हैं।

## इन्दौर जिला सीनियर बैडमिंटन स्पर्धा आज से

**इन्दौर** । इन्दौर जिला बैडमिंटन संगठन द्वारा शान्तादेवी कमल भंडारी की स्मृति में आयोजित इन्दौर जिला सीनियर बैडमिंटन स्पर्धा 28 जुलाई से नेहरु स्टेडियम बैडमिंटन हाल में होगी। इन्दौर जिला बैडमिंटन संगठन सचिव आर.पी. सिंह नैयर ने बताया कि स्पर्धा में गत विजेता प्रियांश खुशवानी को पहला, आर्यमन गोयल को दूसरा और प्रज्ज्वल मालाकार को तीसरा क्रम दिया गया है। पहले दिन 28 जुलाई को मुकाबले शाम 5 बजे से होंगे। नेहरु स्टेडियम बैडमिंटन हाल में होने वाली इस स्पर्धा में पुरुष एकल के साथ ही पुरुष युगल, महिला एकल और युगल एवं मिश्रित युगल के मुकाबले भी होंगे।

**भारतीय समयानुसार रात 11: 30 बजे होगी राष्ट्रमंडल खेलों की ओपनिंग सेरेमनी**

# पीवी सिंधु और मनप्रीत होंगे राष्ट्रमंडल खेलों की ओपनिंग सेरेमनी में भारतीय दल के ध्वजवाहक

**नई दिल्ली** । दो बार की ओलंपिक पदक विजेता शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और भारतीय हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह को कॉमनवेल्थ गेम्स के ओपनिंग सेरेमनी के लिए भारतीय दल का ध्वजवाहक बनाया गया है। मनप्रीत का नाम दूसरे ध्वजवाहक के रूप में जोड़ा गया है, क्योंकि आयोजकों ने सूचित किया कि प्रत्येक देश के लिए दो ध्वजवाहक उतारना अनिवार्य है जिसमें एक पुरुष और एक महिला रहेगी। मनप्रीत की अगुआई में पिछले साल भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। उनकी इसी उपलब्धि की वजह से उन्हें भारतीय दल के दूसरे सदस्य के रूप में चुना गया है।

राष्ट्रमंडल खेलों की ओपनिंग सेरेमनी स्थानीय समयानुसार शाम सात बजे और भारतीय समयानुसार रात 11:30 बजे होगी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने कहा कि मनप्रीत को दूसरे ध्वजवाहक के रूप में



शामिल करने का निर्णय इसलिए किया गया, क्योंकि बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की आयोजन समिति ने उद्घाटन समारोह के लिए हर देश से दो ध्वजवाहकों को नामित करना अनिवार्य कर दिया है। इन दो में एक महिला होनी चाहिए जबकि दूसरा पुरुष। ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा को ध्वजवाहक बनाने की उम्मीद थी, लेकिन विश्व चैम्पियनशिप में लगी चोट के कारण उन्हें राष्ट्रमंडल खेलों से हटना पड़ा है।




भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने तीन महिला खिलाड़ियों की सूची में से सिंधु का चयन किया। दो अन्य खिलाड़ी टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू और मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन थीं। आईओए ने फैसला करने से पहले इन दोनों के नाम पर भी विचार किया था। पीवी सिंधु ने कहा इतने बड़े समारोह में दल की अगुआई करना और तिरंगा थामने की जिम्मेदारी मिलना बहुत सम्मान की बात है। मैं बहुत खुश हूं और मैं दल के अपने सभी साथियों को खेलों के लिए शुभकामनाएं देती हूं। मुझे ध्वजवाहक चुनने के लिए मैं आईओए को भी धन्यवाद देना चाहूंगी।

ध्वजवाहक का चुनाव आईओए की चार सदस्यीय समिति ने किया, जिसमें महासचिव राजीव मेहता, कोषाध्यक्ष आनंदेश्वर पांडे और भारतीय टीम के मिशन प्रमुख राजेश भंडारी को भी शामिल किया गया था। मुक्केबाज अमित पंघाल और टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल भी तीन पुरुष दावेदारों की सूची में शामिल थे, लेकिन समिति ने सम्मान के लिए मनप्रीत को चुना। आईओए के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल खन्ना ने कहा मनप्रीत सिंह ने पिछले साल टोक्यो ओलंपिक में भारतीय हॉकी के ओलंपिक पदक के 41 साल के सूखे को खत्म किया। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले अहम खिलाड़ियों में से एक हैं।

उन्होंने कहा हमें उन्हें और सिंधू को दो ध्वजवाहक के रूप में नामित करने की खुशी है, जो बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रों की परेड के दौरान भारतीय दल की अगुआई करेंगे। सिंधु गोल्ड कोस्ट में 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में भी ध्वजवाहक थीं, जबकि मनप्रीत टोक्यो ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में भारत के दो ध्वजवाहकों में से एक थे। कॉमनवेल्थ गेम्स के इस 2022 चरण में खेलों के इतिहास में महिला खिलाड़ियों का सबसे दल हिस्सा ले रहा है। भारतीय दल की प्रमुख भंडारी ने कहा कि 28 जुलाई को शुरू होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की ओपनिंग में देश के दल के अधिकतम 164 प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। उन्होंने कहा 164 में खिलाड़ियों के साथ टीम के अधिकारी भी शामिल होंगे। अंतिम सूची गुरुवार शाम को तैयार हो जाएगी जो खिलाड़ियों की उपलब्धता पर निर्भर करेगी। भारत के कुल 215 खिलाड़ी राष्ट्रमंडल खेलों में भाग ले रहे हैं।

# अय्यर ने आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में लंबी छलांग लगायी

**दुबई** । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी की बुधवार को जारी एकदिवसीय रैंकिंग में भारतीय टीम के कप्तान शिखर धवन एक स्थान ऊपर आये हैं। वहीं बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने लंबी छलांग लगायी है। धवन एक पायदान ऊपर 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। धवन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले एकदिवसीय में 97 रन बनाये थे जिसका लाभ उन्हें मिला है। वहीं अय्यर 20 पायदान की लंबी छलांग लगाकर बल्लेबाजों की सूची में 54वें स्थान पर पहुंच गए हैं। अय्यर ने पहले 2 एकदिवसीय में 54 और 63 रन बनाये थे। बल्लेबाजी में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम शीर्ष पर हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा एक स्थान नीचे फिसलकर पांचवें और छठे नंबर पर खिसक गए हैं। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज शाई होप 3 पायदान ऊपर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने दूसरे मैच में 115 रन बनाये थे। दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक दो स्थान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे मैच में नाबाद 82 रन बनाए थे। वहीं टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज गेंदबाजों की सूची में शीर्ष-100 में जगह बनाने में सफल रहे हैं। सिराज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले एकदिवसीय में 57 रन देकर 2 विकेट लिए थे और वह रैंकिंग में अभी 97वें स्थान पर हैं।



मोरक्को में पहली बार अफ्रीकन कप फुटबॉल जीतने पर उत्साहित दक्षिण अफ्रीकी टीम की खिलाड़ी।

# महिला आईपीएल में खेल सकती है मिताली



**नई दिल्ली** । भारतीय महिला क्रिकेट की पूर्व कप्तान मिताली राज अगले साल महिला आईपीएल में खेल सकती हैं। मिताली ने इंग्लैंड की पूर्व तेज गेंदबाज इशा गुहा और न्यूज़ीलैंड की फ्रैंकी मकाय से कहा, मैंने आईपीएल में खेलने का विकल्प खुला रखा है क्योंकि इसमें अभी काफी समय है। मैं महिला आईपीएल के पहले संस्करण का हिस्सा बनना चाहूंगी। मिताली ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। मिताली ने कहा , मैं हैदराबाद से हूं जहां के मोहम्मद अजहरुद्दीन ने भारत की ओर से पहले तीन टेस्ट में तीन शतक लगाए थे। जब मैं 16 साल की उम्र में भारत की टीम में शामिल हुई तो मुझसे भी कुछ ऐसी ही उम्मीदें की गयीं। तब मिताली और उनके साथ डेब्यू कर रहीं रेशमा गांधी दोनों ने शतक लगाये और साथ में पहले विकेट के लिए नाबाद 258 रन बनाये थे। इसपर मिताली ने कहा, मुझे मैच के बारे में बहुत कुछ याद नहीं पर 100 रन बनाकर मैं काफ़ी खुश थी।2002 में इंग्लैंड के खिलाफ टॉन्टन में दूसरे टेस्ट में मिताली ने अपने तीसरे ही टेस्ट में रिकॉर्ड 214 रनों की पारी खेली थी।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज नहीं खेलेंगे राहुल



**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज लोकेश राहुल मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज नहीं खेलेंगे। राहुल का कोरोना संक्रमित होने के कारण इस सीरीज से बाहर होना तय माना जा रहा है हालांकि अभी तक भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राहुल को संक्रमण से उबरने में अभी समय लगेगा। उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को वेस्टइंडीज भेजे जाने की संभावना नहीं है। टीम इंडिया के पास इशान किशन सलामी बल्लेबाज के तौर पर एक अच्छे विकल्प के तौर पर पहले से ही उपलब्ध हैं। टी20 इसी माह 29 जुलाई से होने जा रही है। वहीं राहुल अब तक पूरी तरह से नहीं उबरे हैं। ऐसे में उन्हें डॉक्टरों ने और आराम करने को कहा है।



# बिग बॉस 15 के लिए मुझे अप्रोच नहीं किया गया: भूमिका चावला



सलमान खान की फिल्म तेरे नाम से लोकप्रियता हासिल करने वाली भूमिका चावला किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। काफी समय से बड़े पर्दे से दूर रहने के बावजूद फैंस अभिनेत्री को भूल नहीं पाए हैं। हाल में खबर आई थी कि उन्हें बिग बॉस 15 के लिए अप्रोच किया गया है। अब अभिनेत्री ने खुद इस खबर का खंडन कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि उन्हें इस शो के लिए अप्रोच नहीं किया गया है।

भूमिका ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर बिग बॉस 15 में शामिल होने की खबरों को खारिज किया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, यह सही नहीं है। मुझे बिग बॉस के लिए कोई ऑफर नहीं मिला है। अगर मुझे यह शो ऑफर भी किया जाता, तो मैं यह शो नहीं करती। मुझे बिग बॉस के पहले, दूसरे, तीसरे सीजन के साथ अन्य सीजन में भाग लेने का ऑफर मिला था। मैंन उन सभी ऑफर को ठुकरा दिया था। उन्होंने बताया कि इस शो में भाग लेने के लिए वह इच्छुक नहीं हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट में आगे लिखा, मैं एक सेलिब्रिटी हूं। इसके अलावा एक बहुत निजी व्यक्ति हूं, जिसके आसपास हर वक्त कैमरे की नजर रखी जाएगी। हाल में नागिन 5 की फेम सुरभि चंदना ने सोशल मीडिया पर बिग बॉस 15 के लिए अप्रोच किए जाने की खबरों को गलत बताया था। अभिनेता पार्थ समथान ने भी कहा कि वह शो में भाग नहीं लेंगे। भूमिका ने बॉलीवुड के अलावा साउथ की कई फिल्मों में काम किया है। हालांकि, सलमान खान की फिल्म तेरे नाम ने उन्हें रातों-रात स्टार बना दिया था। यह भूमिका की पहली हिन्दी फिल्म थी और इसी से उन्हें बॉलीवुड में पहचान मिली थी। इसके बाद उन्होंने रन, दिल ने जिसे अपना कहा और एम.एस. धोनी- द अनटोल्ड स्टोरी में भी काम किया है। भूमिका को दर्शकों ने आखिरी बात 2019 में वेब सीरीज भ्रम में देखा था। बिग बॉस के आगामी सीजन में रिया चक्रवर्ती के शामिल होने की अटकले भी तेज हो गई हैं। कहा जा रहा है कि सुशांत मामले में रिया की बिगड़ी छवि को सुधारने के लिए वह बिग बॉस का सहारा ले सकती हैं। इसके अलावा अनुषा दांडेकर, दिशा वकानी, दिव्यांका त्रिपाठी-विवेक दहिया, मोहसिन खान और दिशा परमार जैसे कलाकार इस शो में हिस्सा ले सकते हैं। इस शो में टीवी अभिनेत्री नेहा मर्दा भी नजर आ सकती हैं। बिग बॉस का प्रसारण कलर्स चैनल पर होता है। यह लोकप्रिय शो अमेरिकी टीवी रियलिटी शो बिग ब्रदर प्रारूप का अनुसरण करता है। घर के मालिक को बिग बॉस के नाम से जाना जाता है।

## हीट स्ट्रोक से बचने के लिए क्या करें? पता करें



हीट स्ट्रोक शरीर के तापमान में वृद्धि के कारण होने वाली एक जटिलता है। शरीर का सामान्य तापमान 96 फारेनहाइट होता है। अगर यह 104 फारेनहाइट को पार कर जाए तो हीट स्ट्रोक हो सकता है। निर्जलीकरण हीट स्ट्रोक का प्रमुख कारण है। हीट स्ट्रोक भी निर्जलीकरण और अत्यधिक गर्मी में विभिन्न दवाओं के प्रभाव के कारण होता है। हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए इस बात का ध्यान रखें कि इस गर्मी में शरीर डिहाइड्रेट न हो जाए। साथ ही, जो लोग धूप में लंबे समय तक काम करते हैं, उन्हें हीट स्ट्रोक होने की संभावना अधिक होती है। वयस्कों और बच्चों के साथ भी ऐसा ही हो सकता है। हीट क्रैम्प हीट स्ट्रोक का पहला लक्षण हो सकता है। परिणाम मांसपेशियों में दर्द होता है, शरीर कमजोर और हमेशा प्यासा महसूस करता है। इसके बाद तेजी से सांस लेना, सिरदर्द, चक्कर आना, मतली, असंगत व्यवहार आदि होता है। शरीर की गर्मी बढ़ जाना और बहुत पसीना आना। विशेषज्ञ इन लक्षणों के होने पर तुरंत कार्रवाई करने की सलाह देते हैं। जब हीट स्ट्रोक होता है, तो शरीर का तापमान तेजी से 105 डिग्री फ़ारेनहाइट से अधिक हो जाता है। पसीना आना बंद हो जाता है। त्वचा शुष्क और लाल हो जाती है। श्वास भी तेज होती है और नाड़ी धीमी या तेज होती है। रक्तचाप कम करता है। आक्षेप, चक्कर आना, असामान्य व्यवहार, मतिभ्रम, असंयम आदि। रोगी बेहोश भी हो सकता है। इसलिए हीट स्ट्रोक होने से पहले इसे रोका जाना चाहिए। घरेलू तरीके से हीट स्ट्रोक के खतरे से बचा जा सकता है। इसलिए कुछ पौष्टिक आहारों को दैनिक आहार सूची में शामिल करना चाहिए।

**बटर मिल्क** : इफ्तार में आप बटर मिल्क रख सकते हैं. बटर मिल्क में प्रोबायोटिक्स, प्रोटीन और विटामिन होते हैं। जो आपके देश के तापमान को वापस सामान्य करने में मदद करेगा।

**चतुर शर्बत**: चतुर शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है। यह मधुमेह रोगियों के लिए भी एक अच्छी छाया है। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होने के कारण रक्त में ग्लूकोज की मात्रा भी नियंत्रण में रहती है। पोटाशियम, कैल्शियम, मैगनीज, जिंक आदि खनिजों की मांग भी छट्टू बजाने से पूरी होती है। छाता हीट स्ट्रोक को रोकता है और पेट के स्वास्थ्य में सुधार करता है। गर्म मौसम में छटू खेलने से शरीर को ठंडक मिलती है और डिहाइड्रेशन भी दूर होता है।

**प्याज का रस**: आयुर्वेद के अनुसार बाहर से घर लौटने पर प्याज के रस में थोड़ा सा शहद मिलाकर पीने से कई फायदे होते हैं. इससे शरीर का तापमान कम हो जाता है। इससे लू लगने का खतरा कम हो जाएगा।

# अमिताभ और इमरान संग 'चेहरे' का प्रमोशन करेंगी रिया चक्रवर्ती?



डायरेक्टर रूमी जाफरी की अगली फिल्म 'चेहरे' में अमिताभ बच्चन और इमरान हाशमी नजर आने वाले हैं। यह फिल्म इस साल 9 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी लेकिन देश में बढ़ते कोरोना के मामलों को देखते हुए आगे बढ़ाना पड़ा। वहीं, अब सवाल उठा रहा है कि क्या अमिताभ बच्चन और इमरान हाशमी के साथ रिया चक्रवर्ती भी फिल्म के प्रमोशन में शामिल होंगी। इस सवाल का जवाब प्रड्यूसर आनंद पंडित ने दिया है।

फिल्म 'चेहरे' पिछले साल रिया चक्रवर्ती के कारण काफी चर्चा में आई थी। दरअसल, बीते साल इस समय सुशांत सिंह राजपूत के अचानक से निधन के बाद रिया चक्रवर्ती को इस मामले में ड्रग्स के इस्तेमाल में आरोपी बनाया गया था। फिल्म 'चेहरे' में अमिताभ बच्चन, इमरान हाशमी और रिया चक्रवर्ती के अलावा अन्नू कपूर, धृतिमान चटर्जी, सिद्धांत कपूर, रघुवीर यादव और क्रिस्टल डिसूजा भी हैं। सुशांत सिंह राजपूत केस में रिया चक्रवर्ती का नाम सामने के बाद आने कई ऐसी कई रिपोर्ट्स थीं, जिनमें कहा गया था कि अब वह फिल्म 'चेहरे' का हिस्सा नहीं रहेंगी या उनका हिस्सा काट दिया जाएगा। मार्च में रिलीज किए गए फिल्म के पोस्टर पर भी वह नहीं थीं और इसमें डाउट था कि वह फिल्म के ट्रेलर का हिस्सा होंगी लेकिन ट्रेलर रिलीज होने पर वह सभी डाउट दूर हो गए क्योंकि वह ट्रेलर में थीं। प्रड्यूसर आनंद पंडित ने कहा था कि वह अपने ऐक्टर के साथ खड़े होंगे और ऐसा कोई सिनेरियो ही नहीं था जहां रिया चक्रवर्ती फिल्म का हिस्सा नहीं होगी। आनंद पंडित ने खुलासा किया था कि वे फिल्म को थिअटर में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। अगले दो-तीन महीनों में फिल्म के रिलीज होने की उम्मीत कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या रिया चक्रवर्ती फिल्म प्रमोशन का हिस्सा होंगी। इस पर आनंद पंडित ने कहा, 'जहां तक प्रमोशन का सवाल है, यह हमारी टीम तय करेगी कि इसके लिए किसकी जरूरत है। मुझे नहीं लगता है कि अमिताभ बच्चन और इमरान हाशमी के मौजूद होने से हमें प्रमोशन के लिए किसी और जरूरत होगी।'

# ये जवानी है दीवानी एक्ट्रेस एवलिन शर्मा ने की शादी




पिछले दिनों अभिनेत्री यामी गौतम ने शादी कर सबको चौंका दिया। अब फिल्म ये जवानी है दीवानी से लोकप्रिय हुई अभिनेत्री एवलिन शर्मा भी सात जन्मों के बंधन में बंध गई हैं। उन्होंने दो साल बाद ऑस्ट्रेलियाई डेंटल सर्जन डॉक्टर तुषान भिंडी से शादी कर ली है। एवलिन ने सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों को यह जानकारी दी है। दोनों अपने रिश्ते को शादी का नाम देकर बेहद खुश हैं। आइए जानते हैं एवलिन ने अपने पोस्ट में क्या लिखा।

एवलिन ने तुषान संग अपनी शादी की जो तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की है, उसमें वह सफेद रंग के ब्राइडल गाउन में नजर आ रही हैं और हमेशा की तरह खूबसूरत लग रही हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा, हमेशा के लिए। एवलिन ने एक दिल वाला इमोजी भी बनाया। कोरोना महामारी के कारण एवलिन की शादी के समारोह में केवल कुछ करीबी लोग ही शामिल हुए थे। सोशल मीडिया पर फैंस उन्हें शादी की बधाई दे रहे हैं। एवलिन ने 2019 में सगाई की थी। तुषान ने एवलिन को सिडनी के मशहूर हार्बर ब्रिज पर प्रपोज किया था। इसके लिए उन्होंने गिटारिस्ट का भी इंतजाम किया था और रोमांटिक अंदाज में एवलिन के पसंदीदा गाने के साथ घुटनों पर बैठकर उन्हें प्रपोज किया था। एवलिन को खुश करने के लिए तुषान ने एक नोट भी लिखा था। एवलिन ने यह खुलासा किया था। उन्होंने यह भी बताया था कि तुषान काफी रोमांटिक हैं और उनसे ज्यादा फिल्मी हैं। पिछले महीने अपनी शादी पर एवलिन ने कहा था, मैं भारत में बड़ी धूमधाम से शादी करना चाहती थी।

## एक बार फिर सिल्वर स्क्रीन पर रोमांस करते नजर आएंगे आलिया भट्ट और रणवीर सिंह





बॉलीवुड के मशहूर कलाकार आलिया भट्ट और रणवीर सिंह को आपने फिल्म गली ब्वॉय में देखा था। इस फिल्म में दोनों की जोड़ी को काफी ज्यादा पसंद किया गया था और ये फिल्म उस साल की रिलीज हुई सबसे बड़ी फिल्मों की लिस्ट में आती है। अब आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की जोड़ी एक बार फिर से सिल्वर स्क्रीन पर नजर आने वाली है। जी हां की जानकारी के लिए बता दें कि, दोनों जल्द ही एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म प्रेम कहानी में नजर आने वाले है। सिर्फ इतना ही नहीं मेकर्स ने फिल्म पर काम भी शुरू कर दिया है। आलिया भट्ट और रणवीर सिंह इस फिल्म का निर्माण करण जौहर के बैनर तले किया जाएगा। खबरों के अनुसार ये भी कहा जा रहा है कि ये फिल्म जल्द ही फ्लोर पर आएगी। फिल्म प्रेम कहानी के जरिए रणवीर सिंह और आलिया भट्ट एक बार फिर से सिल्वर स्क्रीन पर रोमांस करते हुए दिखाई देने वाले है। आलिया और रणवीर की फिल्म प्रेम कहानी मई के महीने में काम शुरू होने वाल था। लेकिन कोरोना वायरस और लॉकडाउन की वजह से मेकर्स ने इस फिल्म प्लान को डिले कर दिया है। अब खबरें ऐसी है कि जल्द ही ही करण जौहर अपनी इस फिल्म पर काम शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं।

# 'सीता' के रोल के लिए करीना की मोटी फीस से मेकर्स के छूटे पसीने



करीना कपूर भले हों आज दो बच्चों की मां हों, लेकिन एक्टिंग में वह आज भी बड़ी बड़ी एक्ट्रेस को पीछे छोड़ती हैं. करीना ने अपने करियर में कई अलग अलग तरीके की फिल्में की हैं. शादी के बाद भी लगातार एक्ट्रेस अपनी एक्टिंग की छाप छोड़ता रही हैं. हाल ही में खबर सामने आई है कि फिल्म सीता के मेकर्स ने करीना कपूर खान को साइन करने का फैसला लिया है, लेकिन अब ये नाम भी अधर में लटकता दिख रहा है. महाकाव्य रामायण पर आधारित सीता पर एक फिल्म बनने जा रही है, इस फिल्म में सीता माता के त्याग बलिदान को दिखाया जाएगा. जब से फिल्म बनने की बात सामने आई है. फिल्म के लिए कई एक्ट्रेस के नाम सामने आए हैं, अब इस लिस्ट में करीना कपूर खान भी शामिल हो गए हैं. कहा जा रहा है कि फिल्म की कहानी आदि करीना को पसंद आई है लेकिन बात करीना की फीस पर आकर रूकती दिख रही है. करीना कपूर ने फिल्म में सीता के रोल में के लिए12 करोड़ के आस पा की मोटी रकम मांगी है. खबर के अनुसार करीना के पास इस समय वीरे दी वेडिंग 2 और हंसल मेहता की फिल्म है. ऐसे में इन फिल्मों से करीना को समय निकालकर ही इस फिल्म की शूटिंग भी समय से करनी होगी, इस फिल्म को करीना को 8 से 10 महीने देनेहोंगे. शायद यही कारण है कि करीना ने 10 करोड़ से भी ज्यादा की रकम मेकर्स से मांगी है. हालांकि अभी इस बात की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है कि करीना मे 12 करोड़ की रकम की मांग की है. इससे पहले खबर आई थी कि इस फिल्म में रावण के रोल में सैफ अली खान नजर आने वाले हैं. अगर ये दोनों फिल्म के लिए हां कर देते हैं तो फैंस के लिए खुशी की बात होगी। हालांकि इससे पहले सीता के रोल के दीपिका पादुकोण का नाम लगातार सामने आता रहा है. फैंस भी दीपिका के नाम से काफी खुश थे. ऐसे में अब करीना की इस फीस की डिमांड के बाद हो सकता है कि मेकर्स दीपिका या किसी नए चेहरे को अब सीता के रोल का मौका दें. वहीं करीना कपूर खान को फैंस ने आखिरी बार अक्षय कुमार के साथ गुड न्यूज फिल्म में देखा था. फिल्म पर्दे पर सफल रही थी।

# गर्मियों में बॉडी लोशन खरीदते समय इन बातों का रखें खास ध्यान



बॉडी लोशन को स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बनाना काफी अच्छा माना जाता है। यह त्वचा की प्राकृतिक नमी के बरकरार रखने और इसे हाइड्रेट रखने में काफी मदद करता है। हालांकि ये फायदे आपको तभी मिल सकते हैं, जब आप सही बॉडी लोशन को चुनें। अभी गर्मी का मौसम चल रहा है, इसलिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस मौसम में बॉडी लोशन खरीदते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

### क्रीमी बॉडी लोशन खरीदने से बचें

गर्मियों में क्रीमी बॉडी लोशन का चयन करने की बजाय एक लाइट फॉर्मूला चुनें ताकि यह त्वचा पर बहुत हैवी न लगे। गर्मियों में जेल बेस्ड बॉडी लोशन का चयन करना बेहतर माना जाता है क्योंकि यह हल्का होता है और त्वचा को चिकना नहीं बनाता है। इसके अलावा यह लोशन पानी युक्त होता है और क्रीम बेस्ड बॉडी लोशन की तुलना में कम गंदगी को आकर्षित करता है। बॉडी लोशन सन-प्रोटेक्शन युक्त भी होना चाहिए।

### सामग्रियों पर दें ध्यान

गर्मियों में बढ़ती तपिश और पसीने के कारण त्वचा को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए जब आप बॉडी लोशन को चुनें तो वह ऐसा होना चाहिए, जो त्वचा को हाइड्रेट करने के साथ-साथ ठंडक भी प्रदान करें। इसके लिए जरूरी है कि आप बॉडी लोशन खरीदने से पहले इसकी सामग्रियों पर ध्यान दें। बेहतर होगा कि आप खीरा और एलोवेरा युक्त बॉडी लोशन खरीदें। ऐसे बॉडी लोशन से त्वचा को कई फायदे मिलेंगे।

### सुगंध से हो भरपूर

गर्मियों में लंबे समय तक तरोताजा महसूस करने के लिए सुगंध से भरपूर बॉडी लोशन का इस्तेमाल करना बेहतर हो सकता है। दरअसल, सुगंध युक्त बॉडी लोशन का इस्तेमाल करने से न सिर्फ आपकी त्वचा हाइड्रेट रहती है बल्कि इससे आपके भीतर से एक भीनी-भीनी महक भी आती है। हालांकि सुगंध वाला बॉडी लोशन खरीदते समय इस बात का ध्यान रखें कि सुगंध अधिक तेज न हो।

### खरीदने से पहले जरूर पढ़ें लेबल

बात चाहें किसी भी तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट की हो, उसे खरीदने से पहले उसके लेबल को जरूर पढ़ें। अगर आप बॉडी लोशन खरीदने वाले हैं तो इसके लेबल को पढ़कर पता करें कि यह आपकी त्वचा के लिए सही है या नहीं। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करें। कि बॉडी लोशन डर्मटोलॉजिकली टेस्टेड हो। बेहतर होगा कि आप हर प्रकार की त्वचा के लिए उपयुक्त बॉडी लोशन का चयन करें।

## महामारी के दौरान एक शार्ट फिल्म की शूटिंग करना आसान: अलीशा पंवर



हाल ही में शार्ट फिल्म ब्लाइंड लव में नजर आई अभिनेत्री अलीशा पंवर का कहना है कि वह इस प्रारूप में और फिल्मों का हिस्सा बनना चाहेंगी क्योंकि इनकी शूटिंग में ज्यादा समय नहीं लगता है। उन्होंने बताया मैंने टीवी शो, विज्ञापन और संगीत वीडियो किए हैं, लेकिन यह मेरी पहली शार्ट फिल्म थी और मुझे यह बहुत पसंद आई। मुझे लगता है कि महामारी के दौरान टीवी शो की शूटिंग की तुलना में एक शार्ट फिल्म की शूटिंग करना आसान है क्योंकि शूटिंग दो से तीन दिन में समाप्त हो जाती है। और आप इन दिनों में अधिकतम एहतियात बरत सकते हैं। अभिनेत्री का कहना है कि वह फिल्म की शूटिंग के दौरान बहुत सहज थीं, क्योंकि सेट पर सभी सावधानियां बरती जाती थीं।वह फिल्म की शूटिंग के बारे में कहती हैं, जिसमें शगुन पांडे भी हैं, हमने महामारी के दौरान फिल्म की शूटिंग की और सेट पर बहुत से लोगों को अनुमति नहीं दी गई थी।

## जिद छोड़े विपक्ष

संसद के मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा की कार्यवाही में विघ्न डालने और सभापति के समक्ष अभद्र व्यवहार करने के चलते विपक्ष के 19 सांसदों को सदन की कार्यवाही से एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया है। जिन सांसदों को निलंबित किया गया है उनमें तृणमूल सांसद सुष्मिता देव, डॉ शांतनु सेन, डोला सेन, शांता छेत्री, मोहम्मद अब्दुल्ला, एए रहीम, कनिमोझी, एल यादव और वी वी. शिवादासन, अबीर रंजन विश्वास, नदीमुल हक शामिल हैं। एक दिन पहले लोकसभा में भारी हंगामे के बीच स्पीकर ओम बिरला ने कांग्रेस के 4 सदस्यों को निलंबित कर दिया था। ज्योतिमणी, माणिकम टैगोर, टीएन प्रथापन और राम्या हरिदास को पूरे सत्र के लिए निलंबित किया गया है। कायदे से हंगामा करने वाले सांसदों के खिलाफ कार्रवाई होनी ही चाहिए, लेकिन जब भी ऐसा होता है, तब हंगामा करके अपने निलंबन को निमंत्रण देने वाले सांसद यह रोना रोने लगते हैं कि उन्हें बोलने से रोका जा रहा है। इतने से भी संतोष नहीं होता तो आपातकाल लग जाने या फिर तानाशाही कायम हो जाने का शोर मचाया जाने लगता है। इन दिनों ऐसा ही हो रहा है। हैरत नहीं कि हंगामा करके संसद न चलने देने वाले सांसद यह मानकर चल रहे हों कि वे अपने उद्देश्य में सफल हैं। बड़ी बात नहीं कि उनके नेताओं की ओर से उन्हें शाबाशी भी मिल रही हो। चूंकि राजनीतिक दल संसद में हंगामा करने को एक तरह की उपलब्धि मानने लगे हैं, इसलिए संसदीय कार्यवाही का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। यदि इस गिरावट को रोका नहीं गया तो ऐसी भी स्थिति बन सकती है कि संसद के चलने या न चलने का कोई महत्व न रह जाए। मानसून सत्र के पहले ही दिन संसद के दोनों सदनों में कार्यवाही के स्थगित होते ही साफ संकेत मिल गया कि आने वाले दिनों में संसद में हंगामा तय है। सत्र में कुल 17 कार्य दिवस होंगे और यह 12 अगस्त तक चलेगा। करीब 32 विधेयक रखे जाएंगे, उनमें से कितने पारित हो सकेंगे, यह बताना मुश्किल है। अगर केवल हंगामे के कारण कार्यवाही स्थगित हुई, तो फिर कामकाज कैसे होगा? संसद सत्र से पहले ही यह तय हो गया था कि महंगाई, ईंधन की कीमतें, अग्निपथ योजना, बेरोजगारी और डॉलर के मुकाबले रुपए के गिरने जैसे मुद्दों को उठाया जाएगा। अब इनमें जीएसटी का मामला भी प्रमुखता से जुड़ गया है। महंगाई बढ़ी है, तो संसद को चलाना भी महंगा हुआ है। सांसदों को सत्र की शुरुआत में ही देखना चाहिए कि संसद को चलाने में प्रतिदिन कितना खर्च आता है। मानसून सत्र काफी महत्वपूर्ण होता है क्योंकि बजट सत्र के बाद यह सत्र आता है। बजट सत्र में जो विधेयक पारित नहीं हो पाते हैं, उन्हें मानसून सत्र में पारित करने की कोशिश की जाती है। लेकिन, विपक्षी दल मानसून सत्र में हंगामे करते हुए कार्यवाही में बाधा लाते हैं। संसद की कार्यवाही का एक मिनट का खर्च लगभग 2.5 लाख रुपए है। इसका मतलब एक घंटे की कार्यवाही में लगभग 1.5 करोड़ रुपए का खर्च आता है। खास बात यह है कि, यह जो करोड़ों का नुकसान होता है, यह सरकार का नहीं बल्कि आम जनता का होता है। संसद की कार्यवाही के लिए जो पैसे खर्च किए जाते हैं, वह आम जनता की कमाई से होता है। सरकार आम जनता से टैक्स के रूप में पैसा वसूल करती है। हर साल की तरह इस साल भी विपक्षी दल मानसून सत्र में हंगामे कर रहे हैं। जिस वजह से रोज कार्यवाही को स्थगित करना पड़ रहा है। 18 जुलाई से शुरू हुए मानसून सत्र में आज तक ऐसा एक भी दिन नहीं गया होगा, जिस दिन हंगामे के कारण संसद की कार्यवाही स्थगित न हुई हो। इस साल विपक्षी दल हंगामे करने का कोई भी कारण नहीं छोड़ रहा है।

# गरीबों, बुजुर्गों और किसानों की रेवड़ी, पूंजीपतियों को

सनत जैन

सरकार ने रेलवे की टिकट में बुजुर्गों को 50 फ़ीसदी की जो छूट दी जा रही थी। उस छूट को आगे जारी रखने में असमर्थता जाहिर की है। सरकारी खजाने की खस्ता हालत का वास्ता देकर बुजुर्गों की रेलवे टिकट में दी जा रही छूट को सरकार ने समाप्त कर दिया है।

पिछले वर्षों में रेलवे ने शुल्को के नाम पर रेलवे की टिकट राशि को काफी बढ़ा दिया है। कोविड-19 के बाद काफी सुविधाएं बंद कर दी गई हैं। दूसरी ओर बुजुर्गों पत्रकारों एवं अन्य वर्ग को रियायत भी बंद कर दी है। गरीवों को मिलने वाली गैस, खाद, डीजल, सहित दर्जनों सब्सिडी पहिले ही खत्म कर दी गई है। देशभर में इसकी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया हो रही है। प्रशासनिक हल्कों में यह भी चर्चा है कि रेल्वे की निजीकरण की तैयारी में पूंजीपतियों के लिये रास्ता साफ करने और सरकार अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए रेल्वे की रियायतें को खत्म कर रही है।

सरकार ने जो जानकारी दी है।उसके अनुसार वर्ष 2017-18 के वित्तीय वर्ष में 1491 करोड़, 2018-19 के वित्तीय वर्ष में 1636 करोड और 2019-20 के वित्तीय वर्ष में 1664 करोड रुपए की रेलवे ने बुजुर्गों को रियायत दी थी। सरकार ने वित्तीय स्थिति को देखते हुए यह छूट बंद कर दी है। जिसके कारण बुजुर्ग अब रेलवे में रियायती दरों पर यात्रा नहीं कर पाएंगे। सरकार के इस निर्णय की आलोचना हो रही है। यह कहा जा रहा है गरीबों, बुजुर्गों और किसानों को दी जाने वाली सहायता को केंद्र सरकार द्वारा रेवड़ी बताया जा रहा है। वहीं सरकार पूंजीपतियों को रेवड़ी की जगह झोला भर भर के मिठाई खिला रही है। बुजुर्गों को 3 वित्तीय वर्ष में रेलवे द्वारा मात्र 4791 करोड रुपए की रियायत दी गई है। वही पूंजी पतियों का केवल स्टेट बैंक से 14लाख 5हजार 248 करोड़ रुपए के ऋण माफ कर दिए गए हैं।

### 3 साल में स्टेट बैंक ने किए राइट ऑफ

वर्ष 2017-18 के वित्तीय वर्ष में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने 17548 करोड, वर्ष 2018-19 में 27225 करोड़ तथा 2019-20 में 40348 करोड रुपए के विलफुल डिफॉल्टर उद्योगपतियों के लोन को बट्टे खाते में डाल दिया गया। पूंजीपतियों के 3 वर्ष में 91121 करोड़ रुपए स्टेट बैंक ने माफ कर दिए। सरकार की पूंजीपतियों पर की गई यह कृपा, सरकार की गरीबों और जरूरतमंदों के बारे में सोच को उजागर करती है।

जनता का पैसा अब जनता के लिए रेवड़ी बन गया है। वहीं बैंकों में बचत और टैक्स के रूप में, सरकारी खजाने की जमा रकम को पूंजीपतियों में बांटने की देश में अब बड़ी प्रतिक्रिया होने लगी है। पिछले वर्षों में जिस तरह से सार्वजनिक उपक्रमों को ओने पौने दामों में कारपोरेट को लीज पर या हिस्सेदारी देकर,सरकार पूंजीपतियों को जनता का धन मुक्त हस्त से बांट रही है। बैंकों से भी पूंजीपतियों के लिए हजारों लाखों करोड़ रुपयों के ऋण उपलब्ध कराकर और बाद में उन्हें राइट ऑफ कराकर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने की नीति से आम आदमी में हताशा और निराशा देखने को मिलने लगी है। 2018 से 2022 के 4 सालों में सरकार ने पूंजीपतियों के 8 लाख 53 हजार करोड रुपए के ऋण बट्टे खाते में डाल दिए। वहीं रेलवे मैं बुजुर्गों को 1700 करोड़ रुपए सलाना की जो रियायत दी जा रही थी। वह बंद कर सरकार ने अपनी प्राथमिकता बता दी है।

पिछले वर्षों में सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ, सार्वजनिक उपक्रमों, रेलवे के निजीकरण के निर्णय ने उद्योगपतियों के लिए कमाई के नए-नए संसाधन उपलब्ध करा दिए हैं। पूंजीपति पानी बेचने से लेकर, टोल टैक्स, बैंकों के शुल्क, सिंचाई, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के निजी करण के माध्यम से एकाधिकार के बल पर बड़ी कमाई कर रहे हैं। आम आदमियों को पूजी पतियों के मनमानी शर्तों और मनमाने दामों पर सामान तथा सेवाएं लेने



विवश कर दिया है। वहीं आम आदमी जो गरीब और मध्यम वर्ग का है। जिसकी आमदनी बहुत सीमित है। उसके ऊपर लगातार टेक्स और विभिन्न शुल्क का ऐसा मकड़जाल केन्द्र एवं राज्य सरकारों ने बना दिया है। जिसमें फंसकर आम आदमी फड़फड़ा रहा है। खाद्यान्न, फल, दूध और सब्जी, खुदरा व्यापार का धंधा कारपोरेट जगत को देने, श्रम कानूनों में परिवर्तन करके उद्योगपतियों के लिए कम मूल्य पर ज्यादा काम कराने का कानून बनाकर पूंजीपतियों के हित मे सरकार काम कर रही है। वहीं भारत के असंगठित क्षेत्र का व्यापार खेती, किसानी एवं विभिन्न सेवाएं सुनियोजित रुप से कानून बनाकर उद्योग पतियों को सौंपी जा रही हैं। जिससे सबसे बड़ा नुकसान किसानों, मजदूरों, छोटे छोटे व्यापारियों और सेवा के क्षेत्र में काम करने वाले गरीबों को हो रहा है। गरीब एवं मध्यम वर्ग की आमदनी लगातार घट रही है। उनके खर्च लगातार बढ़ रहे हैं। सरकार की आर्थिक नीतियों का पिछले वर्षों का यही नतीजा है।

### अडानी पर बैंकों का कर्ज

पिछले वर्षों में सरकार की नीतियों के कारण जनता से टैक्स एवं बचत के रूप में बैंको में जमा धन का बहुत बड़ा हिस्सा पूंजीपतियों को दिया जा रहा है। वर्ष 2020-21 में गौतम अडानी की कंपनियों के ऊपर बैको का 1 लाख 55 हजार 463 करोड रुपए का कर्ज था। जो वर्ष 2021-22 में बढ़कर 2लाख 20हजार 584 करोड रुपए हो गया है। गौतम अडानी दुनिया के चौथे सबसे धनी व्यक्ति हैं। इसके बाद भी वह भारतीय बैंकों का बहुत सारा पैसा पूर्व में नहीं चुका पाए। पिछले वर्षों में उनकी कंपनियों का लोन राइट ऑफ किया गया। कई अन्य लाभ सरकार द्वारा समय - समय पर उन्हें दिए गए। हर साल हजारों करोड़ रुपए का नया कर्जा भी उन्हें मिलता जा रहा है। उनके ऊपर भारतीय बैंकों का कर्ज बढ़ता ही जा रहा है। भारत के आम आदमी का जो पैसा बैंकों में जमा था। उसका एक बड़ा हिस्सा गौतम अडानी जैसे पूंजी पतियों को दिया जा रहा है। अब तो बड़े-बड़े पूंजीपति सरकार की गारंटी पर ग्लोबल इंटर नेशनल बैंक से भी कर्जा लेकर अपनी निजी हैसियत को बढ़ा रहे हैं। इसका लाभ सरकार और आम जनता को ना मिलकर, शासन और प्रशासनिक व्यवस्था के उच्च पदों पर बैठे हुए लोगों को मिल रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राज्य सरकारों से यह कहना की रेवड़ी की संस्कृति बंद करें। रेलवे द्वारा 60 वर्ष से ऊपर के लोगों को किराए में जो 50 फीसदी की रियायत दी जा रही थी। उसे बंद करना, शिक्षा एवं स्वास्थ्य का निजीकरण करने, जीएसटी में गुड्स और सेवाओं का दायरा बढ़ाकर आम जनता से भारी टैक्स वसूल करने की तीव्र प्रतिक्रिया अब जनता के बीच होना शुरू हो गई है। वर्तमान सरकार पूंजीपतियों के हितों को ध्यान में रखकर निर्णय ले रही है। गरीबों और मध्यम वर्गीय परिवारों को मिलने वाली सब्सिडी और छूट को बंद करके सरकार आम लोगों के जीवन को कष्टप्रद बना रही है। समय रहते सरकार को अपनी आर्थिक नीति ओर जनता की जरूरतों को समझना होगा। पूंजीपति, पूंजी के बल पर तथा एकाधिकार बनाकर अपनी तिजोरी सरकार की कृपा से भरते हैं। सरकारी खजाना गरीब और मध्यम वर्ग के टैक्स, बैंकों का खजाना आम जनता की बचत से भरता है। जब इनकी स्थिति कमजोर होगी। श्रम शक्ति की कोई कीमत नहीं होगी। उस स्थिति में पूंजीवाद भी ज्यादा दिन नहीं टिक पाएगा। यह सरकार को समझना होगा। श्रीलंका, चीन, नेपाल, तथा 60 से ज्यादा विकासशील देशों की वर्तमान आर्थिक बदहाली से समय रहते भारत सरकार को भी सबक लेने की जरूरत है।

## सुख के स्वभाव में डूबो

लगता है, आदमी दुख का खोजी है। दुख को छोड़ता नहीं, दुख को पकड़ता है। दुख को बचाता है। दुख को संवारता है; तिजोरी में संभालकर रखता है। दुख का बीज हाथ पड़ जाए, हीरे की तरह संभालता है। लाख दुख पाए, पर फेंकने की तैयारी नहीं दिखाता। जो लोग कहते हैं आदमी आनंद का खोजी है, लगता है आदमी की तरफ देखते ही नहीं। आदमी दुखवादी है, अन्यथा संसार इतना दुख में क्यों हो! अगर सभी लोग आनंद खोज रहे हैं, तो संसार में आनंद की थोड़ी झलक होती। कुछ को तो मिलता! और कुछ को मिल जाता तो वे बांटते औरों को भी; तो कुछ झलक उनकी आंखों और उनके प्राणों में भी आती। अगर सभी आनंद की तलाश कर रहे हैं, तो लोग एक-दूसरे को इतना दुख क्यों दे रहे हैं। और ऐसा नहीं कि पराए ही दुख देते हों, अपने भी दुख देते हैं। अपने ही दुख देते हैं! शत्रु तो दुख देते ही है; हिसाब रखा है, मित्र कितना दुख देते हैं? जिन्हें तुमसे घृणा है, वे तो दुख देंगे, स्वाभाविक; लेकिन जो कहते हैं तुमसे प्रेम है, उन्होंने कितना दुख दिया, उसका हिसाब रखा है? और अगर हर आदमी दुख दे रहा है, तो एक ही बात का सबूत है कि हर आदमी दुख से भरा है। हम वही देते हैं, जिससे हम भरे हैं। वही तो हमसे बहता है जो हमारे भीतर लगा है। हमारे व्यवहार से दूसरों को दुख मिलता है, क्योंकि हमारे भीतर कड़वाहट है। हम लाख कहें हम प्रेम करते हैं, लेकिन प्रेम के नाम पर भी हम दूसरों के जीवन में नरक निर्मित करते हैं। पति-पत्नियों को देखो, मां-बाप को देखो; बेटे-बच्चों को देखो- सब एक-दूसरे की फांसी लगाए हुए है। ऐसा है। क्यों? और सभी कहते हैं कि हम सुख को खोजते हैं।

## दो साल बाद लगा है दुनिया का सबसे बड़ा कांवड़ मेला !

श्रीगोपालनारसन एडवोकेट

श्रावण मास में कावंड में गंगाजल भरकर पदयात्रा करते हुए शिवालयो में जलाभिषेक करना पूण्यप्राप्ति होना माना जाता है। जिस कावंड में गंगाजल भरकर शिवालय में ले जाया जाता है। उस कावंड को बनाने वाले हिन्दू ही नही बल्कि मुस्लमान भी है।हरिद्वार नगरी के ज्वालापुर, सराय में रफीक के परिवार को साल भर की रोजी रोटी इसी कावंड से मिलती है।यह परिवार रंग बिरंगी कांवड़ तैयार कर अपने घर का चूल्हा जलाता है। कई मुस्लमान हिन्दूओं के इस कावंड मेले में कावंड सहायता शिविर लगाकर धार्मिक सौहार्द एवं आपसी भाईचारे का सन्देश भी देते है।वही इस कावंड मेले को बदरंग करते हुए कुछ कांवडिये भांग का सेवन करते है तो कुछ चरस गांजे का अवैध व्यापार भी इस कावंड मेले की आड में करते है। शिव भक्ति आषाड मास के बीस दिन बीतने के बाद से ही श्रावण मास पूरा होने तक 40 दिन के लिए किये जाने की परम्परा है। जिसकी शुरूआत हो चुकी हैऔर हरिद्वार की सड़कों व हर की पैड़ी पर शिव भक्तो की भीड बढने लगी है। इस बार चार करोड से अधिक कांवडियों के हरिद्वार आकर गंगाजल अपनी कावंड में भरकर ले जाने की सम्भावना है। जिनके लिए हर बार की तरह इस बार भी गंगनहर पटरी मार्ग को कावंड मार्ग बनाया गया है।हालांकि कुछ कांवड़िये राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर भी जाने लगे है।

कावंडियो के लाठी डन्डे लेकर व डीजे बजाकर चलने पर भी प्रतिबन्ध लगाया गया है। लेकिन हर बार की तरह इस बार भी यह प्रतिबन्ध हवा हवाई साबित होगा। क्योकि प्रतिबन्ध के बाद भी कावंडिये लाठी डन्डे लेकर व डीजे बजाकर चलने से नही रूक पाते है। कावंड मेले को सुगम व सुविधाजनक बनाने के लिए पुलिस को जहां कांवडियों के भेष में तैनात किया गया है वही स्वास्थ्य सेवाओ के लिए डाक्टरो की तैनाती, सफाई के लिए पुख्ता इन्तजाम व खादय पदार्थो की शुद्धता व सही रेट वसूलने की हिदायत दी जाती है। परन्तु वास्तव में जब कांवडियो की भीड उमडती है तो पुलिस प्रशासन कांवडियो के सामने बोने होते नजर आने लगते है। कांवडियो के कारण गंगनहर



मार्ग तो आम जनता के लिए बन्द होगा ही और लोग पिरान कलियर तक भी नही जा सकेगे वही राष्टीय राजमार्ग के भी कम से कम एक सप्ताह तक बन्द रहने की बाध्यता है। जिस कारण स्कूलो, न्यायालयों व सरकारी गैर सरकारी कार्यालयों का कामकाज प्रभावित होना अवश्यसम्भावी है। सच यह भी है कि कावंड मेले के दिनों में हरिद्वार, रूडकी से लेकर मुज्जफरनगर, मेरठ तक के लोग बन्धक रहेगें। इस कांवड मेले में उत्तराखण्ड के साथ साथ उ0प्र0, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल व पंजाब तक के शिवभक्त कांवडियों के रूप में भाग लेते है। लेकिन साथ ही असमाजिक तत्वों का भी इस मेले में जमावडा रहता है जिनसे निपटना पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण होता है।

भगवान शिव ही एक मात्र ऐसे परमात्मा है जिनकी देवचिन्ह के रूप में शिवलिगं की स्थापना कर पूजा की जाती है। लिगं शब्द का साधारण अर्थ चिन्ह अथवा लक्षण है। चूंकि भगवान शिव ध्यानमूर्ति के रूप में विराजमान ज्यादा होते है इसलिए प्रतीक रूप में अर्थात ध्यानमूर्ति के रूप शिवलिगं की पूजा की जाती है। पुराणों में लयनाल्तिमुच्चते अर्थात लय या प्रलय से लिगं की उत्पत्ति होना बताया गया है। जिनके प्रणेता भगवान शिव है। यही कारण है कि भगवान शिव को प्राय शिवलिगं के रूप अन्य सभी देवी देवताओं को मूर्ति रूप पूजा की जाती है। शिव स्तुति एक साधारण प्रक्रिया है। ओम नमः शिवाय का साधारण उच्चारण उसे आत्मसात कर लेने का नाम ही शिव अराधना है। श्रावण मास में शिव स्तुति मनोकामना पूर्ण करने वाली होती है। ॠग्वेद, यजुर्वेद व अर्थवेद में भगवान शिव को ईश, ईशान, रूद्र, ईश्वर, कपर्दी, नीलकण्ठ, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान, भोलेशंकर नामों से जाना जाता है। वही भगवान शिव को सहत्रपक्षु, तिग्यायुध, वज्रायुध, विधुच्छक्ति, नारायण, श्वेताश्वर, अथर्व, कैवन्य, तन्तिरीय, त्रयम्बक, त्रिलोचन, ताण्डवनर्तक, अष्टमूर्ति, पशुपति, अरोग्यकारक, वप्रांवर्धक, औसधवधित रूप में भी शिव को जाना जाता है। वही शिव को स्कन्द व वामन भी कहा गया। शिवालयों में पाषाण निर्मित शिव लिगं पर ही जलाभिषेक कर शिवस्तुति करने का प्रचलन है। लेकिन यदि मृणम्य शिवलिंगया बाजलिंग की उपासना कर शिवरात्रि पर जलाभिषेक किया जाए तो अधिक फलदायक होता है।

# गुजरात पर नजर.... इसलिए 'आप' पर कहर....?

### सूडोकु नवताल- 6146

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -6145 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

ओमप्रकाश मेहता

अब धीरे-धीरे राजनीति से भी सिद्धांत, नीति और मानवता का लोप होता जा रहा है, आज की राजनीति का मक्सद केवल और केवल 'सत्ता' रह गया है, चाहे वह फिर किसी भी वैध या अवैध हथकण्डे से क्यों न मिले? कुछ 'महान' राजनेताओं और उनके दलों ने राज्यों को अपनी 'धरती' समझ लिया है, इसीलिए वे यह कतई नहीं चाहते कि उनके अपने वर्चस्व वाले राज्य में कोई दूसरा राजनीतिक दल कदम भी रखे, यही स्थिति आज गुजरात के साथ है, जहां प्रधानमंत्री भाई नरेन्द्र मोदी के अपना वर्चस्व कायम कर रखा है, अब वे यह कतई नही चाहते कि कोई अन्य नेता या उसका राजनीतिक दल वहां झांकने की भी कोशिश करें और चूंकि यह जुर्रत आम आदमी पार्टी कर रही है इसीलिए वह इन दिनों मोदी जी के निशाने पर आ गई है।

भारतीय राजनीति में आजादी के पहले से गुजरात की अहम् भूमिका रही है, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सरदार वल्लभ भाई पटेल से लेकर भाई नरेन्द्र मोदी गुजरात की ही देन है और इन हस्तियों का भारतीय राजनीति या मौजूदा भारत के निर्माण में कितना अहम् योगदान रहा, यह किसी से भी छुपा हुआ नहीं है और यदि राजनीतिक नजरिये से देखा जाए तो गुजरात कभी कांग्रेस का गढ़ रहा तो आज भाजपा उसे अपना गढ़ मानती है और इसीलिए वहां कांग्रेस को अस्तित्वहीन करने के बाद भाजपा कतई नही चाहती कि वहां अब और किसी पार्टी का दखल हो और चूंकि आम आदमी पार्टी दिल्ली-



पंजाब के बाद गुजरात के सुनहरे सपने देखने लगी है, इसीलिए भाजपा 'आप' को मुंगेरीलाल बनाने पर तुली है।

पिछले दिनों जब आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली व पंजाब जैसी बिजली-पानी व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की घोषणाएं गुजरात जाकर की, तब प्रधानमंत्री जी को 'मुफ्त की रेवड़ी' याद आई और वे इन रेवड़ियों का राजनीति में अस्तित्व खत्म करने का संकल्प ले बैठे, जबकि वे स्वयं यह जानते है कि आज की राजनीति ही 'रेवड़ी' आधारित है, जो सत्तारूढ़ पार्टियां जनता के पैसों से ही बांटती आ रही है, ये रेवड़ियां राजनेता व उनकी सत्ता के लिए चाहे 'मुफ्त' हो किंतु जनता को तो ये काफी महंगी पड़ रही है और राजनीति में इन रेवड़ियों के मौजूदा जन्मदाता श्री केजरीवाल को ही माना जा रहा है जो मुफ्त बिजली, पानी व अन्य आवश्यक जीवनोपयोगी वस्तुओं को उपलब्ध करवाने की घोषणा कर अपना राजनीतिक स्वार्थ साधने की कोशिश कर रहे है और ये अपने इस मकसद में काफी हद तक सफल भी हो रहे है, इसीलिए प्रधानमंत्री जी व उनकी पार्टी को चिंता हुई और उन्होंने रेवड़ियों का मुद्दा उठाया और कहा कि- ''यह रेवड़ी संस्कृति देश के विकास के लिए बहुत खतरनाक है, इसे देश से बाहर करना है।''

यहाँ यह बताना भी जरूरी है कि आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेता अरविंद केजरीवाल ने मानव की दुखती रगों पर हाथ रखकर, उन्हें जरूरी सुविधाएं मुहैय्या कराकर, वोटरों के वर्ग विशेष को उनकी सुविधा के अनुरूप सहायता प्रदान कर पहले दिल्ली और बाद में पंजाब में अपनी सत्ता कायम की और अब उनकी नजर गुजरात चुनाव पर है इसलिए भाजपा सतर्क हो रही है। दिल्ली व पंजाब में केजरीवाल जी की पार्टी की सरकारों ने जहां महिलाओं को मेट्रों और डीटीसी बसों में सफर की मुफ्त सुविधा प्रदान की साथ ही बिजली, पानी, शिक्षा व चिकित्सा को लगभग मुफ्त उपलब्ध कराया यही वे घोषणाएं गुजरात के चुनाव प्रचार में भी कर रहे है, यद्यपि केजरीवाल जी व उनकी पार्टी की सरकारों द्वारा दी जा रही इन सुविधाओं को भारतीय लोकतंत्र में राजनीति को दूषित करने वाली बताया जा रहा है, किंतु यह तर्क आम समझ से इसलिए बाहर है क्योंकि क्या आम वोटर को उसकी इच्छित सुविधाएं मुहैय्या कराना क्या गलत व गैर लोकतांत्रिक है, क्या हमारे भारत में चुनाव पूर्व राजनीतिक दलों द्वारा घोषणा-पत्र या संकल्प-पत्र तैयार नहीं किए जाते?

## माले-मुफ्त, दिले-बेरहम

डॉ वेदप्रताप वैदिक

उर्दू में एक कहावत है कि माले-मुफ़्त और दिले-बेरहम! इसे हमारे सभी राजनीतिक दल चरितार्थ कर रहे हैं याने चुनाव जीतने और सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करने के लिए वे वोटरों को मुफ्त की चूसनियाँ पकड़ाते रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे रेवड़ी संस्कृति कहा है, जो कि बहुत सही शब्द है। असली कहावत तो यह है कि 'अंधा बांटे रेवड़ी, अपने-अपने को देय' लेकिन हमारे नेता लोग अंधे नहीं हैं। उनकी तीन आंखें होती हैं। वे अपनी तीसरी आंख से सिर्फ अपने फायदे टटोलते हैं। इसलिए सरकारी रेवड़ियां बांटते वक्त अपने-पराए का भेद नहीं करते। उनकी जेब से कुछ जाना नहीं है। वोटरों को मुफ्त माल बांटकर वे अपने लिए थोक वोट पटाना चाहते हैं। वे क्या-क्या बांट रहे हैं, उसकी सूची बनाने लगें तो यह पूरा पन्ना ही भर जाएगा। शराब की बोतलों और नोटों की गड्डियों की बात को छोड़ भी दें तो वे खुले-आम जो चीजें मुफ्त में बांटते हैं, उनका खर्च सरकारी खजाना उठाता है। इन चीजों में औरतों को एक हजार रु. महिना, सभी स्कूली छात्रों को मुफ्त वेश-भूषा और भोजन, कई श्रेणियों को मुफ्त रेल-यात्रा, कुछ वर्ग के लोगों को मुफ्त इलाज और कुछ को मुफ्त अनाज भी बांटा जाता है। इसका नतीजा यह है कि देश के लगभग सभी राज्य घाटे में उतर गए हैं। कई राज्य तो इतने बड़े कर्जे में दबे हुए हैं कि यदि रिजर्व बैंक उनकी मदद न करे तो उन्हें अपने आप को दिवालिया घोषित करना पड़ेगा। इन राज्यों में भाजपा और कांग्रेस सहित लगभग सभी दलों के राज्य हैं। तमिलनाडु और उप्र पर लगभग साढ़े छह लाख करोड़, महाराष्ट्र, पं. बंगाल, राजस्थान, गुजरात और आंध्रप्रदेश पर 4 लाख करोड़ से 6 लाख करोड़ रु. तक का कर्ज चढ़ा हुआ है। इन राज्यों की हालत श्रीलंका-जैसी है। उसका कारण उनकी रेवड़ी-संस्कृति ही है। इसे लेकर जनहित याचिकाएं लगानेवाले प्रसिद्ध वकील अश्विनी उपाध्याय ने सर्वोच्च न्यायालय के दरवाजे खटखटा दिए। अदालत के जजों ने चुनाव आयोग और सरकारी वकील की काफी खिंचाई कर दी। वित्त आयोग इस मामले में हस्तक्षेप करे, यह अश्विनी उपाध्याय ने कहा। चुनाव आयोग ने अपने हाथ-पांव पटक दिए। उसने अपनी असमर्थता जता दी। उसने कहा कि मुफ्त की इन रेवड़ियों का फैसला जनता ही कर सकती है। उससे पूछे कि जो जनता रेवड़ियों का मजा लेगी, वह फैसला क्या करेगी? मेरी राय में इस मामले में संसद को शीघ्र ही विस्तृत बहस करके इस मामले में कुछ पक्के मानदंड कायम कर देने चाहिए, जिनका पालन केंद्र और राज्यों की सरकारों को करना ही होगा।

# 2 घंटे की झमाझम बारिश से शहर हुआ जलमग्न, विद्यालय में पानी घुसा





### शहर में पानी का निकास ना होने से मुख्य मार्गों पर भी हो रहा जलभराव

**मुरैना।** शहर में यूं तो आए दिन बारिश हो रही है और जलभराव की समस्या नई नहीं है। गुरुवार की दोपहर को 2 घंटे की बारिश के बाद शहर के चारों और जलभराव हो गया और आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुभाष नगर इलाके में तो सरकारी विद्यालयों के अंदर तक पानी चला गया, जिससे बच्चों की छुट्टी करनी पड़ी। पूरे शहर में कहीं भी पानी के निकास की व्यवस्था नहीं है और निगम द्वारा डाली गई सीवर फ्लॉप साबित हो रही है।

गुरुवार को 2 घंटे तक हुई झमाझम बारिश से मौसम में कुछ ठंडक आई और लोगों ने राहत की सांस ली, परंतु जलभराव ने मुसीबत खड़ी कर दी है। शहर के हर गली हर मोहल्ले में जलभराव होने से आमजन को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ा है, तो कई इलाकों में कई कई दिन तक जलभराव बना हुआ है। शहर के प्रमुख बाजार भी इससे अछूते नहीं है और वहां भी स्थिति भयानक है। निगम द्वारा बरसात से पूर्व कराई जाने वाली नाले नालियों की सफाई भी नहीं हो पाई है, जिस कारण पानी का निकास भी नहीं हो पा रहा है। करोड़ों रुपए की लागत से सीवर निर्माण शहर भर में हुआ है, लेकिन उसका भी लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है तथा जलभराव की समस्या जस की तस बनी हुई है। शहर मैं अनेक ऐसी बस्ती है, जहां अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग की आबादी अधिक है, वहां जलभराव कई कई दिन तक होता है जिससे लोगों का जीना दूभर हो गया है। शहर के सुभाष नगर इलाके एवं 28 नंबर वार्ड में भी यही स्थिति बनी हुई है। गुरुवार को ही बारिश के बाद वहां के सरकारी स्कूल में पानी घुस गया और टीचरों को बच्चों की छुट्टी करनी पड़ गई तथा बच्चे भीगते हुए अपने घरों तक गए एवं कई बच्चे जलभराव के कारण गिर पड़े। शहर के अलावा जौरा रोड की भी स्थिति काफी दयनीय बनी हुई है। सोलंकी पंप से लेकर जोरा रोड पर लगभग 300 मीटर तक सड़क पर पानी का भराव हो रहा है और यह समस्या अभी तक हल नहीं हुई है, जिससे यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है और जाम लग रहा है। इस गंभीर समस्या पर भी नगर पालिक निगम के आयुक्त का कोई ध्यान नहीं है, जिससे आम जनता में नगर पालिक निगम के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त है।



## स्वच्छता पखवाडे के अन्तर्गत शौचालय उपयोग के लिए जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**भिण्ड।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान भिण्ड द्वारा स्वच्छता पखवाडे के अन्तर्गत गुरूवार को गॉधी नगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शौचालय का उपयोग करने के लिए बताना तथा खुले में शौच करने से रोकना था। जन शिक्षण संस्थान भिण्ड के निदेशक संजय राजौरिया ने बताया कि स्वच्छ भारत के लिए खुले में शौच को रोकना आवश्यक है, खुले में शौच करने से गंदगी फैलती है व पानी का दुरूपयोग होता है। हमारी माता बहनों को घर से दूर शौच के लिए जाना पडता है, इन सभी परेशानियो को दूर करने के लिए सरकार ने घर-घर शौचालय योजना चलाई है, जिसका सभी ग्रामीणों को लाभ लेना चाहिये व शौचालय का उपयोग करना चाहिये। स्वच्छ भारत के लिए हम सभी का कर्तव्य है कि हम सभी जगह घर, स्कूल, शहर, गॉव, सडकें, सभी स्वच्छ रखे तभी हमारा देश स्वच्छ होगा। स्वच्छ भारत का सपना हमें राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी ने दिखाया था जिसे हम सभी को मिल जुलकर साकार करना है कार्यक्रम गॉधी नगर के जयेन्द्र उमावि में आयोजित किया गया जिसमें संचालक सत्यवीर सिंह भदौरिया, प्रचार्य सुभाष शर्मा, व स्कूल की छात्र/छात्राओं आदि की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सभी उपस्थितजनो से स्वच्छता शपथ दिलवाई गई।

# ट्रैक्टर एक्सीडेंट मामले में रिठौरा थाना पुलिस की भूमिका संदिग्ध

### -पुलिस ट्रैक्टर ट्रॉली बदलने व चालक अन्य व्यक्ति को बताने पर आमादा

**मुरैना।** रिठौरा थाना क्षेत्र में 11 जुलाई को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक द्वारा तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे पलट दिया गया, जिसमें गांव के लगभग 30 लोग बैठे थे और घायल हुए तथा दो महिलाओं की मौत हो गई। इस मामले में रिठौरा थाना पुलिस की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है, जिसको लेकर फरियादियों ने पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा बताए गए आरोपी को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त करने की मांग की है। गौरतलब है कि 11 जुलाई को मथुरा प्रसाद जाटव पुत्र परमा जाटव निवासी ग्राम देवी सिंह का पुरा मुरैना के ट्रैक्टर ट्रॉली क्रमांक एमपी 06 एए 0424 मैं गांव के लगभग 30 लोग बैठ कर आ रहे थे, जिनमें महिलाएं भी शामिल थी और ट्रैक्टर को मथुरा प्रसाद का पुत्र वीरू जाटव तेज गति से चला रहा था, जिससे ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई और उसमें रोशन सिंह एवं बंटी लाल की पत्नी की मौत हो गई, जबकि अन्य सवारियां घायल हो गई। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया तथा चालक वीरू को गिरफ्तार किया गया, परंतु रिठौरा थाना पुलिस द्वारा आरोपी बीरू एवं मथुरा प्रसाद से मिलकर ट्रैक्टर ट्रॉली की जप्ती नहीं की गई और ना ही प्रथम सूचना रिपोर्ट में आरोपी वीरू का नाम लिखा गया और ना ही ट्रैक्टर के नंबर का खुलासा किया गया, जबकि मौके पर उपस्थित साक्षीगणों द्वारा नाम व पते बताए गए एवं ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त की गई थी। आरोपी वीरू एवं उसके पिता माता प्रसाद की ट्रैक्टर ट्रॉली का बीमा नहीं है और चालक पर लाइसेंस ना होने से मथुरा प्रसाद ने पुलिस से मिलकर ट्रैक्टर ट्रॉली को बदलने एवं चालक वीरू के स्थान पर अन्य व्यक्ति को चालक बताने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। पुलिस की भूमिका पर पर फरियादियों ने आपत्ति जताई है और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मामले की निष्पक्ष जांच कराकर घटना में बताए गए, ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त कर चालक बीरू एवं उसके पिता पर कार्रवाई करने की मांग की है।



## पीएचई परिसर के संकटमोचन मंदिर में दद्दा शिष्य परिवार ने किया शिवलिंग निर्माण

**अम्बाह।** नगर के पीएचई प्रांगण स्थित संकट मोचन मंदिर में दद्दा शिष्य परिवार अम्बाह-बरेह द्वारा अमावस्या के अवसर पर पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया गया। श्रद्धालुओं ने असंख्य पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधि विधान के साथ उनका पूजन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पंडित गिरजा शंकर शास्त्री मौजूद रहे। शिवलिंग निर्माण के दौरान शास्त्री ने श्रद्धालुओं को बताया कि सावन महीने में भगवान शंकर को दूध, दही, घी, मक्खन, गंगाजल, बेलपत्र, आक, धतूरा चढाना चाहिए, क्योंकि इस माह में भगवान भोलेनाथ की सच्चे मन से आराधना की जाए तो उसे मनवांछित फल प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि पार्थिव शिवलिंग के पूजन और उसको बनाने से भगवान शिव का आशीर्वाद मिलता है। जो पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधिवत पूजा-अर्चना करता है। वह दस हजार कल्प तक स्वर्ग में निवास करता है। शिव पुराण में लिखा है कि पार्थिव पूजन सभी दुखों को पूर्ण कर सब मनोकामना पूर्ण करता है। यदि प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग पूजन किया जाए तो इस लोक तथा परलोक में भी अखंड शिव भक्ति मिलती है। पार्थिव शिवलिंग के सामने समस्त शिव मंत्रों का जाप किया जा सकता है। इस मौके पर दद्दा शिष्य परिवार के शिवदत्त व्यास, महावीर शर्मा, सुनील मिश्रा, बल्ली उपाध्याय, रामकेश गुर्जर, लाखन शर्मा, करू पंडित, मनोज शर्मा, आकाश शुक्ला, शिवा शर्मा लवला पंडित, योगेश तिवारी, अंकित शर्मा, बीटू मिश्रा, शिवम चौधरी, कालू थापक, अमृतांशु शर्मा सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## जल-जीवन मिशन के तहत तीन दिवसीय आवासीय दक्षता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**मुरैना।** ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट भोपाल एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मुरैना के सहयोग से अग्रसेन पैलेस में तीन दिवसीय आवासीय दक्षता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जल जीवन मिशन मुरैना के अंतर्गत दक्षता निर्माण प्रशिक्षण कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति स्वच्छता शुद्ध पेयजल जल बचाओ, हाथ धुलाई, प्राथमिक स्वास्थ्य इत्यादि को सुचारू करने में सहयोग प्राप्ति करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोषी लाल बाथम एजुकेटिव इंजीनियर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मुरैना ने कहा कि सरकार के द्वारा सभी को पानी दिया जाता है लेकिन व्हीडब्ल्यूएससी ग्राम सचिव, सरपंच, आंगनबाड़ी, शालाओं के शिक्षक आप सभी लोग गांव में इस पूरी योजना के रखरखाव के लिए जो राशि इकट्ठा करना चाहते है, उसे हम नहीं कर पा रहे हैं,जबकि न्यूनतम दर प्रतिदिन 2 रूपए व एक माह का मात्र 60 रूपए प्रदान नहीं कर पा रहे हैं, यह एक कठिन प्रश्न है। कार्यक्रम में नैंसी जैन जल निगम मैनेजर, आर एस बाजपेई असिस्टेंट इंजीनियर मुरैना नैंसी जैन जल निगम मैनेजर और प्रदीप कुमार माहौर जिला सलाहकार (आई.ई.सी.), एचएस वरुण जिला सलाहकार (एचआरडी), विकासखंड समन्वयक बृज भूषण माहौर, डॉ. गिरीश इंदौलिया, पूनम एवं आईएसए से मनोज कुमार कुलश्रेष्ठ, अनिल, प्रदीप उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में मुरैना जिले के ग्राम पेयजल स्वच्छता तदर्थ समिति के सदस्य सचिव प्रधान आशा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शिक्षक आदि प्रतिभागी के तौर पर शामिल हुए हैं। सभी का धन्यवाद प्रकट करते हुए ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट भोपाल के साथियों ने कहा के यह प्रशिक्षण इसी उद्देश्य को लेकर किया जा रहा है कि गांव के लोगों में अवेयरनेस आए और बीडब्ल्यूएससी इतनी सक्षम हो पाए कि वह अपने ग्राम की कार्य योजना बना पाए और जो लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा योजनाएं दी जा रही है उसको संचालित करने में सक्षम हो पाएं। जल निगम से मैनेजर नैंसी जैन ने कहा कि मुझे खुशी है कि प्रशिक्षण में महिलाओं की संख्या अच्छी है, पेयजल की सबसे ज्यादा जरूरत महिलाओं को ही होती है, लोग व्यसनों में तो काफी पैसा खर्चते हैं पर सिर्फ 2 से 3 रुपए प्रति दिन नहीं दे पाते, अंत में डॉ महिपाल ने सभी को धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि पानी से ही जीवन है और जीवन ही पानी है आप सभी लोग जो ग्रामीण क्षेत्रों से आए हैं बधाई के पात्र हैं कि 3 दिनों तक चलने वाली कार्यशाला में भाग ले रहे हैं जो आपके जीवन में बहुत काम आएगा। प्रशिक्षक के रूप में अनिरुद्ध, सुमित, प्रियंक, हिंद आरईजी हेमा हिमाद्री, संदीप, मयंक अलग-अलग राज्यों से उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन तैयब अंसारी द्वारा किया गया।



# थाने के सामने देशी कलारी से चोरों ने उड़ाई नगदी रकम




**मुरैना।** शहर में लगातार चोर गिरोह सक्रिय होकर वारदात कर रहा है, जिससे आमजन दहशत में हैं और तो और अब तो चोरों की हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि वह थाने के सामने ही चोरी करने से नहीं चूक रहे है। बीती रात चोर गिरोह ने स्टेशन रोड थाना के सामने स्थित देशी कलारी को अपना निशाना बनाया और गल्ले से 18 हजार रुपए से अधिक की नगदी चोरी कर ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टेशन रोड थाने के सामने देशी कलारी नंबर दो पर पदस्थ सेल्समैन सुबोध परमार पुत्र देवेंद्र सिंह निवासी रामनगर बुधवार की रात 11:30 बजे दुकान बंद कर घर चला गया। गुरुवार की सुबह जब दुकान खोली तो अंदर देखा कि सीढ़ियों से पटिया अलग थी और गल्ले से नगदी रकम गायब थी। ऐसा माना जा रहा है कि चोर पीछे से छत पर आए और सीढ़ियों पर आकर पटिया हटाकर दुकान में प्रवेश किया है। फरियादी ने बताया कि गले में 18 हजार 150 रुपए नगरी रखे हुए थे, जिन्हें चोर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर से चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। उल्लेखनीय बात यह है कि जब थाने के सामने से ही चोर गिरोह चोरी कर रहे हैं, तो शहर के अन्य हिस्सों में क्यों नहीं करेंगे, जबकि पूरी रात स्टेशन रोड पर पुलिस गश्त करती रहती है और वहां चहल पहल भी बनी रहती है। ऐसे में कलारी से चोरी होना पुलिस के लिए खुली चुनौती है।

# हरियाली तीज महोत्सव में माथुर वैश्य समाज की महिलाओं ने ली शपथ, पर्यावरण संरक्षण के लिए करेंगी कार्य



**अंबाह।** शहर के शगुन गार्डन में माथुर वैश्य समाज महिला मंडल एवं एमबीआई क्लब की महिला पदाधिकारियों द्वारा हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने मेहंदी लगाई एवं गीत संगीत, नृत्य प्रस्तुत कर झूलाझूल कर आस्था, उमंग, सौंदर्य, प्रेम व सौहार्द का संदेश दिया,महिला संगठन की अध्यक्ष श्री मती ममता गुप्ता ने कहा कि हरियाली तीज का उत्सव श्रावण मास में शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाया जाता है। जिसकी शुरुआत हमने आज गुरुवार से की है। सावन माह में मनाया जाने वाला हरियाली पर्व दंपतियों के वैवाहिक जीवन में समृद्धि, खुशी और तरक्की का प्रतीक है। इस पर्व में हरियाली शब्द से ही साफ है कि इसका ताल्लुक पेड़-पौधों और पर्यावरण से है इसके तहत महिला मंडल द्वारा मानसून के दौरान पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार लोगों को जागरूक भी किया जाएगा। महिला मंडल की मंत्री श्रीमती पूजा परमानंद गुप्ता ने कहा कि यह त्योहार जीवन में जश्न का प्रतीक है और हरियाली तीज का पर्व प्रकृति का त्योहार हैं। सावन में जब संपूर्ण प्रकृति हरी चादर से आच्छादित होती हैं, उस अवसर पर महिलाओं के मन मयूर नृत्य करने लगते हैं। वृक्ष की शाखाओं पर झूले पड़ जाते हैं। पूजा गुप्ता ने कहा कि चारों ओर हरियाली होने के कारण इसे हरियाली तीज कहते हैं। श्रीमती गुप्ता ने बताया कि इस त्योहार के पीछे धार्मिक कारण के साथ ही वैज्ञानिक कारण भी शामिल है। आस्था, उमंग, सौंदर्य और प्रेम का यह उत्सव भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस आयोजन में अध्यक्ष श्रीमती ममता गुप्ता, मंत्री श्रीमती पूजा गुप्ता, श्रीमती अंजलि गुप्ता, श्रीमती गीता गुप्ता, श्रीमती अनीता गुप्ता, श्रीमती साधना गुप्ता, श्रीमती मीना गुप्ता, श्रीमती स्नेह गुप्ता, श्रीमती अलका गुप्ता, श्रीमती शिखा गुप्ता,श्रीमती श्वेता गुप्ता, श्रीमती मधु गुप्ता, श्रीमती माधवी गुप्ता सहित लगभग एक सैकड़ा महिलाएं मौजूद थी।

# गोहद के मुक्तिधाम में हरियाली अमावस्या पर मुक्तिधाम में पौधारोपण का कार्यक्रम रखा गया




**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** पौधारोपण के कार्यक्रम में पौधारोपण करते हुए दुबे जी ने बोला आज के दिन हम सभी को मिलकर पौधारोपण करना चाहिए जिससे हमारी प्रकृति भी सुंदर होगी। और धरती मां पर भी विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधे जब लगेंगे तो वह अतिसुंदर हमको महसूस होगी। आज के दिन से हमें निरंतर पेड़- पौधे रोपित कर उनकी देखभाल करते रहना चाहिए। हमारे शास्त्रों में भी हरियाली अमावस्या पर पौधारोपण करने से हमारे पूर्वज भी प्रसन्न होते हैं। और हमको आशीर्वाद देते हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि इस मुक्तिधाम में 300 से अधिक पौधे रोपित किया जा चुके हैं। आज के दिन फूल वाले पौधे, छांव वाले पौधे, व फल वाले पौधे रोपित किए गए। जिनकी संख्या 50 है। सी एम् राइज स्कूल मौ रोड पर भी आज कार्यक्रम का आयोजन किया जहाँ 100 पौधे लगाए गये।

जिससे हमारे आसपास का वातावरण हरा-भरा बना रहे व शुद्ध ऑक्सीजन हम सभी को मिल सके। आने वाले समय में हम लोगों को फल, फूल, औषधि उपलब्ध हो सके। कोरोना काल में हमने ऑक्सीजन का महत्व समझा है। जब विदेशों से ऑक्सीजन आयात करके मंगाई गई। अधिक से अधिक पेड़ लग सकेंगे तो हमें ऑक्सीजन की जरूरत नहीं पड़ेगी व तापमान व पर्यावरण शुद्ध रहेगा। पौधारोपण करने वालों में प्रमुख रूप से सतीश जी दुबे, जेपी अग्रवाल, राकेश जी गुप्ता, जितेंद्र सिंह संघ खंड प्रचार प्रमुख गोहद, अशीष शर्मा , सुमित कटारे,मुकुंद शर्मा,रामसेवक दरोगा, दीपक प्रजापति, आसाराम, दिनेश गर्ग, पवन जैन, राम मित्र गुप्ता, पपेंद्र जाटव, लखन कुबेर, अमन श्रीवास्तव, अनिल चौहान, रामविलास सगर, मुकेश चौरसिया, नवनीत शर्मा, रिंकू कुबेर, शिवेंद्र पाण्डेय, दीपक प्रजापति एवं अन्य कई युवा समाजसेवी उपस्थित थे।

# एकलव्य खेल परिसर पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय पैरा स्विमर सत्येंद्र सिंह लोहिया

## खेल परिसर के खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला, कहा-लक्ष्य से ना डिगें

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर-** नगर निगम ग्वालियर का एकलव्य खेल परिसर खेल प्रतिभाओं को निखारने में अहम भूमिका निभा रहा है। जाने-माने पैरा स्विमर सत्येंद्र सिंह लोहिया बुधवार को एकलव्य खेल परिसर पहुंचे जहां उन्होंने यहां परिसर में आने वाले खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।सत्येंद्र सिंह लोहिया अंतरराष्ट्रीय स्तर के पैरा स्विमर हैं और राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई खिताब जीत चुके हैं।उन्होंने यह दिखा दिया है कि दिव्यांग होना अभिशाप नहीं है। एकलव्य खेल परिसर में पहुंचे सत्येंद्र सिंह लोहिया ने यहां बच्चों को यही सिखाया कि वह सिर्फ और सिर्फ अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें, मंजिल हासिल करने के लिए रास्ते खुद बन जाते हैं।इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को अपनी उपलब्धियों की भी जानकारी दी।नगर निगम की सहायक नोडल अधिकारी (खेल) विजेता सिंह चौहान के आमंत्रण पर वह खेल परिसर में आए।उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा संचालित एकलव्य खेल परिसर ग्वालियर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल का भी प्रयास है कि एकलव्य खेल परिसर में ग्वालियर के खिलाड़ी अधिक से अधिक भागीदारी करें ताकि वह अपनी प्रतिभा को निखार कर ग्वालियर का नाम रोशन करें।इस मौके पर पैरा स्विमर सत्येंद्र सिंह लोहिया ने नगर निगम के तरुण पुष्कर और एकलव्य खेल परिसर का मुआयना किया।



# पीएचई परिसर के संकटमोचन मंदिर में दद्दा शिष्य परिवार ने किया शिवलिंग निर्माण...



**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह।** नगर के पीएचई प्रांगण स्थित संकट मोचन मंदिर में दद्दा शिष्य परिवार अम्बाह-बरेह द्वारा अमावस्या के अवसर पर पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया गया। श्रद्धालुओं ने असंख्य पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधि विधान के साथ उनका पूजन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पंडित गिरजा शंकर शास्त्री मौजूद रहे। शिवलिंग निर्माण के दौरान शास्त्री ने श्रद्धालुओं को बताया कि सावन महीने में भगवान शंकर को दूध, दही, घी, मक्खन, गंगाजल, बेलपत्र, आक, धतूरा चढ़ाना चाहिए, क्योंकि इस माह में भगवान भोलेनाथ की सच्चे मन से आराधना की जाए तो उसे मनवांछित फल प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि पार्थिव शिवलिंग के पूजन और उसको बनाने से भगवान शिव का आशीर्वाद मिलता है। जो पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधिवत पूजा-अर्चना करता है। वह दस हजार कल्प तक स्वर्ग में निवास करता है। शिव पुराण में लिखा है कि पार्थिव पूजन सभी दुखों को पूर्ण कर सब मनोकामना पूर्ण करता है। यदि प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग पूजन किया जाए तो इस लोक तथा परलोक में भी अखंड शिव भक्ति मिलती है। पार्थिव शिवलिंग के सामने समस्त शिव मंत्रों का जाप किया जा सकता है। इस मौके पर दद्दा शिष्य परिवार के शिवदत्त व्यास, महावीर शर्मा, सुनील मिश्रा, बल्ली उपाध्याय, रामकेश गुर्जर, लाखन शर्मा, करू पंडित, मनोज शर्मा, आकाश शुक्ला, शिवा शर्मा लवला पंडित, योगेश तिवारी, अंकित शर्मा, बीटू मिश्रा, शिवम चौधरी, कालू थापक, अमृतांशु शर्मा सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नेशनल हाईवे पर बॉडी रख कर चक्काजाम करने बाले 60 से 70 लोगो के खिलाफ एफ आई आर



**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-**कांवड़ियों से टकराकर घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत के बाद 26 जुलाई को ट्रैफिक जाम कर दिया था। नेशनल हाइवे पर चक्काजाम करने पर कोतवाली थाना पुलिस ने बुधवार को 19 नामजद सहित 60-70 अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक आशीष जाटव की हादसे के बाद इलाज के दौरान 26 जुलाई को मौत हो गई थी। इसे लेकर ग्वालियर बायपास पर शव रखकर ट्रैफिक जाम कर दिया था।

इसके बाद कठमई फोरलेन बायपास हाइवे पर एक घंटे ट्रैफिक जाम रखा। मजबूरी में एसपी राजेश सिंह को फोर्स लेकर पहुंचना पड़ा। नेशनल हाइवे जाम करने पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अव्हेलना का मामला होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने सतेंद्र करैया निवासी आसपुर पिछोर पर केस दर्ज किया है जो चक्काजाम को नेतृत्व कर रहा था और भीम आर्मी का विधानसभा अध्यक्ष बता रहा था।

इसके अलावा दिनेश जौराठी, मुकेश काला, अरुण जाटव, हरीश बाल्मीकि, सोमदेव बाल्मीकि, आनंद जाटव, राजेंद्र जाटव, वचनलाल चढ़िया, अरुण आजाद, भरत जाटव, महेश जाटव, संजय खैमरिया, रामेश्वर जाटव, आशु जाटव, सौरभ जाटव, गरीबा जाटव, बृजमोहन जाटव, उदयराज सहित 60 से 70 अज्ञात के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

# कांग्रेस पार्टी को बड़ी शिकस्त, घाटीगांव और भितरवार दोनो जनपदों पर भाजपा के खाते में

## मोहन सिंह राठौर के प्रयासों से घाटीगांव और भितरवार बने अध्यक्ष

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**भितरवार।** कांग्रेस पार्टी को बड़ी शिकस्त देते हुए हैं भितरवार विधानसभा क्षेत्र में दो जनपद पंचायतें है घाटीगांव और भितरवार दोनो जनपदों पर वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह राठौर के प्रयासों से घाटीगांव जनपद अध्यक्ष के पद पर श्रीमती वर्षा-दिलीप रावत एवं भितरवार जनपद में जनपद अध्यक्ष के पद पर श्रीमती लक्ष्मी-नारायण जाटव, उपाध्यक्ष के पद पर जगमोहन प्रजापति विजई हुए, अध्यक्ष और उपाध्यक्ष द्वारा अपनी विजय पर भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी , केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी , प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा , संभागीय संगठन प्रभारी जीतू जिराती जी , सांसद विवेक नारायण शेजवलकर जी , प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट जी और वरिष्ठ भाजपा नेता और सभी जनपद सदस्यों को एक माला में पिरोने वाले मोहन सिंह राठौड़ जी का हार्दिक धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है श्री राठौर द्वारा सभी जनपद सदस्यों को अध्यक्ष उपाध्यक्ष को गरीब शोषित पीड़ित उपेक्षित जनता की सेवा करने का संकल्प दिलाया गया सभी एकजुट होकर भितरवार के विकास और गरीब की लड़ाई लड़ते हुए 2023 के मिशन को पूरा करेंगे भारतीय जनता पार्टी की जन हितैषी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएंगे



# ध्रुवागुड़ी, अमलीपदर, उरमाल होते हुए देवभोग तक सड़क पर गड्ढे, आम जनता परेशान, दुर्घटना की आशंका

## शासन प्रशासन मौन जिम्मेदार कौन



**अश्वनी अवस्थी ब्यूरो चीफ**

**छत्तीसगढ।** गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर के ध्रुवागुड़ी से अमलीपदर, उरमाल होते हुए देवभोग तक पक्की डामरीकृत सड़क का निर्माण किया गया था लेकिन आज सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं क्षेत्र के जनता हमेशा इस सड़क की मरम्मत की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन मरम्मत के करने के बजाय इस सड़क को और ख़स्ताहाल कर दिया जाता है कुछ महीनों पहले इस सड़क की मरम्मत को लेकर कार्य किया जा रहा था, जहाँ मिट्टी व मुरूम डालकर कार्य को रोक दिया गया? जिस कारण अभी बरसात के महीनों में पक्की डामरीकृत सड़क कच्ची व कीचड़युक्त सड़क बन गयी है जिससे इस सड़क मार्ग पर गुजरने वाले राहगीरों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है इस मार्ग की लम्बाई लगभग 30 किलोमीटर है जो ध्रुवागुड़ी को अमलीपदर से व उरमाल, देवभोग को जोड़ती है सड़क में जगह जगह गड्ढे होने के कारण इन दिनो बरसात का पानी गड्ढों में भर जाता है इन पानी भरे गड्ढों के कारण आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार भी होते हैं ख़ासतौर पर बरसात के समय में इस मार्ग पर आवागमन करने वाले राहगीरों को काफ़ी परेशानियां होती है कहीं सड़क पुरी तरह ग़ायब है तो कहीं गड्ढों में भर जाता है बरसात का पानी क्षेत्र के सैंकड़ों गाँव के लोगों को ध्रुवागुड़ी, अमलीपदर, उरमाल, देवभोग को जोड़ने वाली यही एकमात्र सड़क है लेकिन समय रहते इस सड़क की मरम्मत नही किए जाने के कारण यह सड़क अब राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन रहा है

**सहीं समय में मरम्मत न होना दुर्भाग्यपूर्ण– युमेन्द्र कश्यप:** युवा संघर्ष मोर्चा गरियाबंद ज़िलाध्यक्ष युमेन्द्र कश्यप ने इस सम्बंध में कहा की, सही समय में मार्ग का मरम्मत नही किया जाना शासन प्रशासन की कार्यप्रणाली को कछुवा चाल परिभाषित करता है सड़क की स्थित बेहद ही ख़राब है आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार भी होते हैं क्षेत्र के कई बड़े-बड़े जनप्रतिनिधी आए दिन इसी सड़क मार्ग पर गुजरते हैं, लेकिन ओर किसी का ध्यान ही नही जाता, यह दुर्भाग्यपूर्ण है समय रहते मार्ग की मरम्मत की जाती तो यह सड़क आज बदहाली की दास्ताँ नही सुनाता शासन प्रशासन को जल्द ही सड़क की मरम्मत हेतु विशेष पहल करनी चाहिए

# धनीराम चौधरी जिला अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी जिला शिवपुरी ने बहुजनों पर हो रही तमाम् घटनाओं को लेकर दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन




**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** जिले में अनुसूचित जाति / जनजाति के लोगों पर बड़े पैमाने में आए दिन अन्याय, अत्याचार ,हत्याएं, फांसी लगाकर की जा रही हत्याएं व मासूम अबोध बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ बलात्कार दबंगों द्वारा अनुसूचित जाति के भूमि पर जबरन कब्जा कर महिलाओं के साथ मारपीट करने, गांव से भगा देने पर मजबूर करने बड़े पैमाने पर चरम सीमा पर हो रहे हैं इन घटनाओं को लेकर बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर ,राज्यसभा सांसद, मध्य प्रदेश प्रभारी माननीय रामजी गौतम साहब के निर्देश पर आज शिवपुरी में माननीय मुकेश अहिरवार जी प्रदेश प्रभारी बसपा के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम श्रीमान कलेक्टर महोदय को ज्ञापन दिया गया है जिसमें समस्त घटनाओं की जानकारी को संज्ञान में लेते हुए प्रदेश प्रभारी माननीय मुकेश अहिरवार जी एवं जिला प्रभारी सुआलाल जाटव जी, संत सिंह आदिवासी जिला प्रभारी, धनीराम चौधरी बसपा जिलाध्यक्ष ने घटनाओं की जानकारी देते हुए 1- घटना दिनांक 21/07/ 2022 को ग्राम बिजरोनी थाना इंदार जिला शिवपुरी में यादव दबंगों के द्वारा पूर्व सरपंच खैरू उर्फ कन्हैया लाल जाटव पुत्र श्री हीरालाल जाटव की चुनावी रंजिश को मानकर रात्रि में घर से बुलाकर धर्मेंद्र यादव सुरेंद्र यादव जयपाल यादव इंद्रभान यादव अभिषेक, ब्रिजगोपाल, विजेंद्र यादव ने मारकर हत्या कर पेड़ से लटका दिया गया जिसमें इंदार पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 0168 दिनांक 22/07/ 2022 को धारा 306, स्ष्ट स्ञ्ज ड्डष्ह्ल के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया जबकि जिसमें धारा 302 का हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध करना चाहिए था इस प्रकरण में धारा 302 बढ़ाई जाकर एवं पीड़ित परिवार को 5000000/ पचास लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि परिवार को शासकीय नौकरी, आवासीय पक्का मकान, 2 हेक्टेयर भूमि एवं शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से स्वीकृत कर दिलवाए जावे तथा आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जावे। 2- यह की घटना दिनांक 21/07/ 2022 को कमलागंज थाना कोतवाली शिवपुरी में आशीष जाटव ग्राम बिनेगा को कांवरियों द्वारा मारपीट कर दी गई जिससे उसके सिर में गंभीर चोट होने की वजह से ग्वालियर अस्पताल रेफर कर दिया गया था इलाज के दौरान दिनांक 26/07/ 2022 को मृत्यु हो गई जिला प्रशासन को अवगत कराते हुए कहा गया कि सीसी फुटेज कैमरा देखकर या कोई गोपनीय जानकारी लेकर उन अज्ञात कांवरियों की छानबीन कर आरोपियों के खिलाफ धारा 302का प्रकरण पंजीबद्ध किया जावे पिता का एकलौता बारिश था मृतक के माता-पिता छोटी बहन बहनों को भरण पोषण हेतु ?5000000 पचास लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि, आवासीय पक्का मकान, 2 हेक्टेयर भूमि, शासकीय नौकरी दिलवाये जाने की बहुजन समाज पार्टी मांग करती है।

यह है कि घटना दिनांक 20/07/ 2022 को ग्राम पड़ोरा थाना कोलारस जिला शिवपुरी में दबंग आरोपीगण अरविंद रावत, महेश रावत, प्रदीप रावत ने एक राय होकर प्राथिया कुसुम बाई जाटव पत्नी कमर लाल जाटव निवासी ग्राम पड़ोरा थाना कोलारस जिला शिवपुरी की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है इसका विरोध करने पर प्राथिया कुसुम बाई जाटव का हाथ में लाठी मारकर हाथ तोड़ दिया फूलवती के यहां कुल्हाड़ी हथेली में मारी दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई जिसमें पुलिस द्वारा एफआइआर क्रमांक 0-270 दिनांक20/07/ 2022 को पुलिस थाना कोलारस में साधारण धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है लेकिन कुल्हाड़ी मारने की धारा को द्ब.द्ब.ह्र. में उल्लेख नहीं किया है बार-बार महिला चिल्लाती रही मेरे खेत को खाली करवाओ पुलिस के द्वारा कोई सुनी नहीं आरोपियों को अभी तक पुलिस द्वारा गिरफ्तार नहीं किया गया है बहुजन समाज पार्टी चाहती है कि कुसुम जाटव की भूमि पर से दबंगों से बेदखल कर कब्जा को हटवाया जाने की बहुजन समाज पार्टी मांग करती है।

घटना दिनांक 25/07/ 2022 को ग्राम टामकी थाना कोलारस में गुर्जर समाज के नौजवान मोनू गुर्जर पुत्र पंचम सिंह गुर्जर अपनी फसल को देखने के लिए खेत पर जा रहा था सिंध नदी का तेज बहाव आने के कारण चैक डैम में डूब गया बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष धनीराम चौधरी, जॉन प्रभारी शिव लाल यादव जिला महासचिव नवल सिंह धाकड़ खबर लगते ही घटनास्थल पर पहुंचकर मामले को संज्ञान में लिया तब श्रीमान कलेक्टर महोदय को अवगत कराया गया।

# मप्र मानव अधिकार आयोग ने पन्ना में की 15 मामलों की सीधी जनसुनवाई

### 14 मामले निराकृत, एक मामले में अग्रिम कार्यवाही के लिये अन्य जिले से रिपोर्ट मांगी गयी

### मौके पर मिले तीन नये मामलों में भी समुचित कार्यवाही करने के निर्देश




**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना ।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने आयोग आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरूवार, 28 जुलाई 2022 को कलेक्टर कार्यालय पन्ना में आयोग में पन्ना जिले के पहले से लंबित कुल 15 मामलों की सीधी जनसुनवाई की। आयोग के माननीय अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री नरेन्द्र कुमार जैन ने आवेदकों व जिलाधिकारियों से रूबरू होकर सुनवाई की। सुनवाई में मप्र मानव अधिकार आयोग में उप सचिव एवं पन्ना जिले के मामलों के प्रस्तुतकर्ता अधिकारी श्री एसके जैन, पन्ना जिले के अपर कलेक्टर श्री जेपी धुर्वे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत श्री अशोक चतुर्वेदी सहित मानव अधिकार उल्लंघन मामलों के विभागों के जिलाधिकारी एवं आवेदक भी मौजूद थे।

मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के माननीय अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री जैन द्वारा पन्ना जिले के पहले से लंबित 15 प्रकरणों की सुनवाई की गई। आयोग द्वारा यहां पहले से लंबित कुल 15 मामलों में से 14 मामलों का मौके पर ही अंतिम निराकरण कर दिया गया। निराकरण से शेष एक मामले में आयोग ने यह प्रकरण अग्रिम कार्यवाही के लिये अन्य जिले को भेजकर उस जिले से रिपोर्ट मांगी है। यहां आयोग को तीन नये प्रकरण भी मिले। इनमें से पहला प्रकरण आवेदक श्री अनिल कुमार लखेरा द्वारा उसकी निजी भूमि में किसी अन्य द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर लेने की शिकायत, दूसरा प्रकरण आवेदक श्री गोकल प्रसाद द्वारा उसके दामाद के जेल चले जाने के कारण उसके हिस्से की जमीन उसी के रिश्तेदारों द्वारा हड़प लेने के प्रयास के चलते आवेदक के नाबालिग नाती के मालिकाना हक का उल्लंघन होने की शिकायत तथा तीसरा प्रकरण एक आवेदक द्वारा उसके पुत्र विक्रम वाल्मीक पर लड़की के राजीबंद के बावजूद विक्रम पर दुराचार का प्रकरण दर्ज कर लिये जाने की शिकायत से संबंधित था। आयोग द्वारा इनमें से दो प्रकरण अपर कलेक्टर पन्ना एवं एक प्रकरण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पन्ना को देकर इन तीनों प्रकरणों में भी यथाशीघ्र समुचित कार्यवाही कर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिये गये।

**आवेदक को 28 जुलाई की शाम तक ही मिल जायेंगे 2.31 लाख रूपये**

## साकेत पब्लिक स्कूल लांजी में एनसीसी की भर्ती प्रक्रिया संपन्न




**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट** मध्यप्रदेश 6 स्वतंत्र कंपनी बालाघाट के अंतर्गत साकेत पब्लिक स्कूल लांजी में ए सर्टिफिकेट प्रथम वर्ष के लिए एनसीसी कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया कमान अधिकारी एम रविचंद्रन के दिशानिर्देश एवम मार्गदर्शन में विद्यालय के संचालक संतोष कुमार मोरघडे , पी आई स्टाप विनोद कुमार एवम पवन कुमार सोनवाने की उपस्थिति में संपन्न हुई। एनसीसी केयर टेकर संदीप कुमार रामटेककर ने जानकारी में बताया की साकेत पब्लिक स्कूल लांजी में एनसीसी ट्रूप संचालित हैं जिसमे प्रथम वर्ष के लिए 25 रिक्त सीटों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की गई । एनसीसी ए सर्टिफिकेट 2 वर्ष का होता हैं जिसमे प्रतिवर्ष कक्षा आठवीं एवम नवमी में अध्यनरत छात्र छात्राओं को प्रवेश दिया जाता हैं जिसमे विद्यालय के 110 छात्र छात्रा में 25 छात्र छात्राओ का चयन किया गया हैं।

## पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का हुआ शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न



**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

गोहद जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ चुनाव प्रक्रिया सुबह 11ः00 बजे से शुरू हुई जहां 24 जनपद सदस्य जनपद पंचायत सभागार में पहुंचे जहां अध्यक्ष पद के लिए फार्मा आमंत्रित किए गए जिसमें कालीचरण तोमर एवं मीना शर्मा ने अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की जिसमें कालीचरण तोमर को 21 वोट मिले वही मीना शर्मा को 3 वोट मिले जिससे कालीचरण तोमर 18 वोट से विजई हुए वही उपाध्यक्ष पद के लिए धरम वीर जाटव को 21 वोट मिले एवं प्रतिद्वंदी को 3 वोट मिले जिस पर 18 वोट से उपाध्यक्ष के पद पर धर्मवीर जाटव को विजई घोषित किया दोनों जीते हुए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को सभी सदस्यों ने बधाई प्रेषित की

# गेड़ी चढ़कर धरना स्थल में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

### हरेली पर्व पर किया पारम्परिक पूजन अर्चन



**अश्वनी अवस्थी ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे**

छत्तीसगढ़ के पारम्परिक त्यौहार हरेली पर्व के अवसर पर और अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के चौथे दिन के आंदोलन में उपखंड अमलीपदर धरना स्थल में पारम्परिक विधि विधान से रापा कूदाल और गेड़ी का पूजा अर्चना किया गया !तथा शिक्षक अवतार सिन्हा एवं कर्मचारियों ने गेड़ी चढ़कर प्रदर्शन किया !तथा महंगाई भत्ता और गृह भाड़ा भत्ता की मांग को लेकर आंदोलन के चौथे दिन छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के बैनरतले विकासखंड मैनपुर के उपखंड अमलीपदर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विभाग के कर्मचारीयों ने धरना स्थल में भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज की !और अपने प्रमुख मांग महंगाई भत्ता और गृह भाड़ा भत्ता जैसे दो सूत्रीय मांग को के लिए सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए खूब नारेबाजी किया !ज्ञात हो कि आंदोलन के चौथे दिन सैकड़ों की संख्या में अधिकारी अधिकारी कर्मचारी धरना स्थल में डटे रहे !फेडरेशन संयोजक मंडल में प्रमुखरूप से वरूण चक्रधारी,देवशरण साहू, हेमन्त सिन्हा,अयोध्या राम टाडिया,रूद्र प्रसाद त्रिपाठी,लोकेन्द्र अवस्थी उमेश श्रीवास,कमलकिशोर ताम्रकार,सुभाष पाण्डेय,जयमल यादव दिलीप सिन्हा,भागीरथी नागेश, जयप्रकाश नागेश,मदन मिश्रा,तेज कुमार सिन्हा जगन्नाथ सोनवानी किशोर मिश्रा,तीरथ राम श्रीवास लैबानो खरसैल,किशन राम साहू यशवंत साहू,सुनील सुर्यवंशी भोला सिंह मांझी,मिलाप यादव, सतीश वर्मा,नीलाधर प्रधान, कमल सिंह मांझी,सुनील अवस्थी,डिगेश देवांगन भुवेंद्र साहू,राजेश राव सिन्धे,वीरेंद्र यादव,लक्ष्मीकांत दूबे देवनाथ पावडे,कृष्ण कुमार जितेंद्र नागेश,पितम्बर पाड़े संतोष गुप्ता,वीरेंद्र ठाकुर,कैलाश ठाकुर,हुलार सिंह यादव, परमेश्वर बघेल,तथा मोर्चा से मोनिका पाण्डेय प्रमिला सिन्हा,गीता ठाकुर द्रौपदी मरकाम,प्रेम शीला साहू अनिता ठाकुर,सहित बड़ी संख्या में विभिन्न विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे !

## नोहरा पंचायत रोजगार सहायक ने किया बड़ा घोटाला आवास पर ?5000 रुपए लिए जा रहे हैं ग्रामीण परेशान

**हरिओम परिहार पुष्पांजली टुडे**

**खनियाधाना।** खनियाधाना जनपद से यहां खनियाधाना जनपद की ग्राम पंचायत नोहरा मैं रोजगार सहायक कमल किशोर यादव द्वारा इतना भ्रष्टाचार किया जा रहा है कि ग्रामीण परेशान हैं



आपको बता दें कि रोजगार सहायक द्वारा ग्रामीणों से प्रधानमंत्री आवास पर हर किस्त पर ?5000 लिए जा रहे हैं ग्रामीण में लोगों का बुरा हाल है आपको बता दें कि ग्रामीणों का कहना है की अगर इनकी शिकायत करते हैं तो रोजगार सहायक द्वारा धमकाया जाता है आपको बता दें कि यह कोई नया मामला नहीं है इस पंचायत में लगातार कई ऐसे मामले हैं जिसमें बड़ा घोटाला किया गया अब देखना यही है कि इस पर जिम्मेदार अधिकारी क्या कार्रवाई करते हैं

## ग्राम थाटी में प्राथमिक स्कूल में वृक्षारोपण किया गया



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर**-नेहरू युवा केन्द्र ग्वालियर एवं गिर्द विकास युवा मंडल सिमरिया टाका एवं ग्राम पंचायत सिमरिया टांका के संयुक्त तत्वाधान में दिनाँक 28/07/2022 को हरियाली अमावस्या के अवसर पर अंकुर अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिमरिया टांका में हाईस्कूल, शान्तिधाम परिसर एवं ग्राम थाटी में प्राथमिक स्कूल में वृक्षारोपण किया गया एवं लगभग 100 पेड़ लगाए गए, इस अवसर पर मण्डल के संचालक गजेन्द्र सिंह चौहान, ग्राम पंचायत सिमरिया टांका के सचिव मोहर सिंह बंजारा, बंटी रावत, गब्बर जाटव, धर्मेन्द्र बाथम, गजेन्द्र रावत, कमल सिंह बघेल आदि उपस्थित रहे।

## सूर्या फाउंडेशन आदर्श गाँव योजना के अंतर्गत हर घर पोषण वाटिका कार्यक्रम में बरेठा , तुड़ीला ,छरेठा गांव, में 200 परिवार में 6 प्रकार के सब्जी के बीज वितरण किया गया






**अमित शर्मा पुष्पांजली टुडे**

छरेठा गांव के उद्घाटन कार्यक्रम में पूर्व कृषि विस्तारक अधिकारी गोहद श्री कमलेश शर्मा जी ने बताया जब हमारा घर स्वस्थ होगा तो देश समाज सभी स्वस्थ्य होंगे। देश को स्वस्थ्य बनाने के लिए अपना आहार स्वस्थ होना चाहिए । कृषि में हो रहे अंधाधुंध खाद का प्रयोग से स्वस्थ्य में बुरा प्रभाव पड़ रहा जिस से अनेकों बीमारियों ने जन्म लिया है। सूर्या फाउंडेशन के द्वारा यह सामाजिक सेवा गांव के परिवर्तन में एक बड़ा कदम सिद्ध होगा । भारत का हर घर स्वावलंबी था हमने अपने वैभव को भूल गए है एक छोटी सी शुरुआत से पुनः अपने को वापस लाना है । हरी ताजी सब्जी से अपने आप को स्वस्थ्य रखने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत सिंह ,विशिष्ट अतिथि,श्री शेखर शर्मा जी एच आर हेड सूर्या रोशनी ग्वालियर , संजय कुशवाहा , वेलफेयर ऑफिसर सूर्या रोशनी लिमिटेड मालनपुर ,क्षेत्र प्रमुख श्री शिव कुमार राजवाड़े एवं श्री शेखर शर्मा जी के द्वारा गांव बरेठा में वृक्षारोपण किया एव निःशुल्क फल दार पौधे वितरण किये गए कार्यक्रम में पोषण वाटिका समिति के अध्यक्ष श्री तोरन सिंह राणा , सूर्या फाउंडेशन से अशोक कुमार , महेंद्र सिंह तोमर ,महेश राजावत, ब्रजपाल तोमर , सोनू राजपूत ,बलबीर बघेल अशोक सिंह राणा एवं गांवो के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे

## पृथ्वी पर पारिस्थितिक संतुलन बनाने में प्रकृति का सहयोग करें: डॉ.शिवराज सिंह तोमर

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

पृथ्वी पर पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए हमें पौधों का रोपण कर प्रकृति का सहयोग करना चाहिए प्राकृतिक पर्यावरण के साथ-साथ सांस्कृतिक पर्यावरण के संरक्षण की भी




आवश्यकता है यह बात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.शिवराज सिंह तोमर ने अंकुर योजना के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम में कही अंबाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबाह की रासेयो इकाईयों तथा महाविद्यालय के इको क्लब ने 28 जुलाई 2022 को हरियाली अमावस्या के अवसर 60 पौधों का रोपण किया जिसमें नीम ,अशोक ,गुड़हल, अमरूद गुलाब ,पीपल ,शीशम, अंजीर, अनार, मीठा नीम आदि पौधे महाविद्यालय तथा महाविद्यालय के छात्रावास में रोपित किए गए इस दौरान एनएसएस के जिला संगठन डॉ शशि बल्लभ शर्मा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ, रक्षा कम्ठान, पंकज भदौरिया तथा महाविद्यालय के इको क्लब के प्रभारी डॉ कौशलेंद्र उपाध्याय, डॉ राजकुमार सिंह तोमर तथा अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे स्वयंसेवक खुशी राजोरिया, शेकी राजावत, साक्षी तोमर श्रेया अग्रवाल, मयंक कटारे, रांची धर्मेंद्र, सोनम ,आशुतोष ,करण आदि स्वयं सेवकों की सक्रिय भागीदारी रही

## विभागीय कर्मचारियों को विभिन्न पोर्टलों के बेहतर संचालन हेतु दिया गया प्रशिक्षण



**सुनील कुमार अहिरवार पुष्पांजली टुडे**

**टीकमगढ़** कलेक्टर श्री संदीप जी आर के निर्देशन में छतरपुर जिले के समस्त विभागीय कर्मचारियों की जिला पंचायत स्थित ई-दक्ष केंद्र में कम्प्यूटर की दक्षता का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सीएम हेल्पलाइन में प्रत्येक माह होने वाली ग्रेडिंग के पैरामीटर जैसे- संतुष्टि परसेंट , नॉन अटेंडेंस शिकायते, निम्न गुणवत्ता के साथ बंद शिकायते, 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतें, कुल लंबित शिकायतों की विस्तृत जानकारी प्रदान करने के साथ साथ बेहतर ढंग से मोनिटरिंग करने व पोर्टल के संचालन के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अलावा एमआईएस रिपोर्ट, रिपोर्ट फॉर्मेट सी, समाधान ऑनलाइन रिपोर्ट आदि कम्प्यूटराइज्ड प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षित किया गया और कर्मचारियों की शंकाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर एडीएम श्री पी.एस. चौहान, एसएलआर श्री ओ.पी. गुप्ता एवं जिला लोकसेवा प्रबंधक श्री मुकेश शिवहरे उपस्थित रहे।



# हरियाली अमावस्या : जिले भर में अंकुर अभियान के तहत रोपे गए पौधे



ग्वालियर। हरियाली अमावस्या पर अंकुर अभियान के तहत जिले भर में विभिन्न स्थानों पर सामूहिक रूप से पौधे रोपे गए। साथ ही व्यक्तिगत रूप से भी लोगों ने अपनी सुविधा व जगह के अनुसार पौधरोपण किया। अंकुर अभियान के तहत हुए इस वृक्षारोपण में जन अभियान परिषद ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाई।

जिले की जनपद पंचायत भितरवार के अंतर्गत जनअभियान परिषद की ग्राम विकास व नगर विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम से जुड़े विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से हरियाली अमावस्या पर विभिन्न स्थानों पर लगभग 2 हजार पौधे रोपे। जनअभियान परिषद के ब्लॉक समन्वय अधिकारी मनोज दुबे ने बताया कि नगर परिषद आंतरी व ग्राम पंचायत गोहिंदा सहित क्षेत्र के अन्य गाँवों में हरियाली अमावस्या पर सामूहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। रोपे गए पौधे के फोटोग्राफ वायुदूत एप पर भी अपलोड किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अंकुर अभियान के तहत विकासखण्ड भितरवार में जन अभियान परिषद को इस साल 11 हजार पौधे रोपने का लक्ष्य दिया गया है। इस लक्ष्य की जल्द ही पूर्ति हो जायेगी।

हरियाली महोत्सव पर इसके अलावा नगर पंचायत पिछोर व मुरार जनपद पंचायत के ग्रामों में भी ग्राम प्रस्फुटन समितियों द्वारा अंकुर अभियान के तहत ग्रामीणों के सहयोग से पौधे रोपे गए।

### शहर में हुआ वृहद स्तर पर पौधा रोपण

हरियाली अमावस्या के पावन पर्व पर नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर में वृहत स्तर पर पौधा रोपण अभियान चलाया गया। शहर के लालटिपार स्थित गौशाला सहित सभी वार्डों में निगम के पार्क विभाग व शहर की सामाजिक संस्थाओं ने संयुक्त रूप से पौधा रोपण किया। इस अवसर पर नगर निगम गौशाला के संत स्वामी ऋषभानंद, पॉल्यूशन कन्ट्रोल बोर्ड के डॉ योगेंद्र सक्सेना, सिटी प्लानर पवन सिंघल, नोडल अधिकारी पार्क मुकेश बंसल सहित सामाजिक संस्थाओं के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

लालटिपारा स्थित गौशाला में नगर निगम व पॉल्यूशन कन्ट्रोल बोर्ड के संयुक्त तत्वाधान में पौधा रोपण किया गया। पौधा रोपण के अवसर पर निगमायुक्त किशोर कन्याल ने कहा कि शहर को हरा भरा बनाये रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। शहर हरा भरा तभी रह सकता है जब हम अधिक अधिक पौधे लगायें। हम सभी प्रण करें कि अपने जन्म दिवस या अन्य खुशी के अवसर पर एक पौधा खुद लगायेगें। साथ ही अपने मित्रों व रिस्तेदारों को भी एक पौधा लगाने के लिये प्रेरित करेगें। साथ ही उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक वृक्ष लेगेंगे तो हमारे शहर का पॉल्यूशन मुक्त शहर होगा। इस अवसर पर उन्होंने कदम, नीम, पीपल, शीशम सहित अन्य पौधों का रोपण किया।

### गौप्रण संस्था ने किया लालटिपारा स्थित गौशाला में पौधरोपण

गौ सेवा में समर्पित संस्था गौप्रण ने आज हरियाली अमावस्या पर लाल टिपारा स्थित गौशाला में वृहद पौधरोपण किया।

संस्था के अध्यक्ष विष्णु भदौरिया ने इस दौरान कहा कि संस्था द्वारा शहर में पौधरोपण अभियान जोरों-शोरों से चलाया जा रहा है। इसके लिए संस्था के सभी कार्यकर्ता विशेष रूप से धन्यवाद के पात्र हैं। संस्था द्वारा यह अभियान बदस्तूर जारी रहेगा।

### नगर पालिक निगम कर्मचारियों द्वारा कराया गया वृक्षारोपण

ग्वालियर नगर पालिक निगम क्षेत्र क्रमांक एक के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1,4,5 के कर्मचारियों द्वारा आनंद नगर स्थित बड़े पार्क पर किया गया वृक्षारोपण तथा 40 से अधिक पौधे लगाए इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 5 से नवनिर्वाचित पार्षद श्री पीपी शर्मा जी एवं निगम कर्मचारी नाथू सिंह बाथम, तरुण प्रताप सिंह, जिम्मी नरवरिया, हरेंद्र मिश्रा आदि ने स्थानीय लोगों को साथ लेकर वृक्षारोपण किया।

# ससुराल से लौटा युवक खुद को मारी गोली मौत

### पत्नी के साथ मंदिर कांवर चढ़ाने गया था, 2 महीने पहले हुई थी शादी

ग्वालियर। ग्वालियर में अज्ञात कारणों के चलते एक किसान युवक ने खुद को देशी तमंचे से गोली मार ली जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर मृतक युवक के शव को पीएम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि युवक ने सुसाइड करने से पहले अपनी पति के साथ कांवर लेकर पटिया वाले बाबा पर चढ़ाने गया था। वहां से दर्शन करने के बाद अपनी पत्नी को मायके छोड़ कर घर वापस लौटे और घर के दरबाजे पर गोली मारकर सुसाइड कर लिया मृतक युवक की महीने पहले ही शादी हुई थी। युवक ने किन कारणों के चलते सुसाइड किया है। अभी यह पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### घर आकर किया सुसाइड

ग्वालियर के बिजौली थाना क्षेत्र के सोनारपुरा गांव



में रहने वाले 20 वर्षीय रंजीत गुर्जर ने अपने घर के दरवाजे पर खड़ा होकर देशी तमंचे से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज सुनते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे तो मृतक युवक की मौत हो चुकी थी। जिसकी सूचना तत्काल मृतक युवक के परिजनों पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर जा पहुंची जहां जांच पड़ताल करने के बाद मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। फिलहाल यह पता नहीं चल सका है कि मृतक युवक ने किन कारणों के चलते गोली मारकर आत्महत्या की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पता चला है कि मृतक युवक रंजीत गुर्जर की शादी 2 महीने पहले ही हुई थी। और वह कल अपनी पत्नी को लेकर ग्वालियर आया था जहां से वह कांवर लेकर अपनी पत्नी और साले के साथ पटिया वाले बाबा पर चढ़ाने गया था। वह से दर्शन करने के बाद अपनी ससुराल आए और पत्नी को छोड़कर वापस घर पहुंचा और अपने कमरे के गेट पर खड़ा होकर 315 बोर के कट्टे से खुद को गोली मार ली जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

**जांच की जा रही है**

बिजौली थाने के एडिशनल एसपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि फोन पर सूचना मिली थी कि एक युवक ने अपने घर के दरवाजे पर 315 बोर के देशी कट्टे से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है।

# श्रद्धा भाव से किया गया भक्तामर स्तोत्र सुख शांति प्रदान करता है : मुनिश्री



### जगत कल्याण की कामना को लेकर 48 दिवसीय भक्तामर महामंडल विधान में मंत्रों की गूंज

ग्वालियर। जब भी देश, संतों समाज व परिवार के ऊपर कोई संकट आता है तो ऐसी स्थिति में शांत स्वभाव से भक्तामर विधान ही एकमात्र उपाय होता है। श्रद्धा भाव से किया गया भक्तामर स्तोत्र सुख शांति प्रदान करता है। जीवन की जटिलताओं को सहज बनाता है। पापों से मुक्त कराकर पुण्य मार्ग की ओर अग्रसर करता है। यदि किसी के जीवन में कोई संकट है तो भक्तामर स्तोत्र चमत्कार दे सकता है। यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनमय बर्षयोग समिति एवं सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर के तत्वावधान में 48 दिवसीय श्री भक्तामर महामंडल विधान के दूसरे दिन गुरुवार को माधवगंज स्थित चतुर्मास स्थल अशियाना भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री ने कहा कि जीवन में नेक कार्य करने व पुण्य मार्ग पर चलने वाला कभी दुःखी नही होता है। जीनव में कभी भी धर्म का मार्ग नही छोड़ना, जिसने धर्म का मार्ग छोड़ उसका जीवन हमेशा दुःखी रहेगा। धर्म ही जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि कर्मों का न्यायालय ऐसा होता है जहां सबके लिये सामान्य न्याय होता है। कर्म ही मनुष्य को हंसाते और रूलाते हैं। व्यक्ति के किये गये कर्मों के अनुरूप ही प्रतिफल मिलता है।

**बृहद शांतिधारा कराई**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री विनय सागर महाराज के सानिध्य में पीले वस्त्रों में इंद्रो ने कलशों से भगवान आदिनाथ को नमन कर अभिषेक जयकारों के साथ किए। मुनिश्री ने अपने मुख्यबिंद मंत्रो से भगवान आदिनाथ के मस्तक पर राजेश जैन लाला व विजय अजय जैन परिवार ने शांतिधारा की।

# झूलेलाल मंदिर से निकाली हरिनाम प्रभात फेरी



ग्वालियर। हरियाली अमावस्या के पर्व पर बापू आश्रम ग्वालियर द्वारा झूलेलाल मंदिर माधोगंज से हरिनाम प्रभात फेरी का आयोजन किया गया जिसमें शहर भर के भक्त गण शामिल हुए।यह जानकारी मीडिया प्रभारी बलबीर सिंह परमार ने दी।हरिनाम प्रभात फेरी माधोगंज थाने से लाला का बाजार खासगी बाजार से महाराज बाड़े होते हुए झूलेलाल मंदिर दाना ओली पर समाप्त हुई।गुरु भक्ति से भरे भजनों पर भारी संख्या में शामिल श्रद्धालु साधक गण झूम झूम कर नाचे। हरिनाम संकीर्तन से पावन करते हरि भक्तों का जल, फल एवं मिष्ठान वितरण कर अगवानी की गई।

# महिलाओं के हाथ मेहंदी रचे, सखियों का साथ सावन के गीत गाए

### हरियाली क्वीन प्रियंका जैन रही, सोलह श्रृंगार कर सावन के गीतों पर किया डांस

### जैन मिलन महिला थाटीपुर शाखा की और से हरियाली तीज उत्सव किया आयोजित

ग्वालियर। महिलाओ के हाथों में मेहंदी रचे हाथ, सखियों का साथ, सावन गीतो पर ..झूला तो पड़ गये अनमुआ की डाली पे...आओ सहेली सावन के झूले झूले...मेरा मन तरसा रें, पानी क्यूं बरसा रें... मेघा रे मेघा रें...सावन के गीतों ग्रीन ड्रेसकोट में सोलह श्रृंगार कर डॉस कर उत्सव का मजा दोगुना कर दिया।मौका था जैन मिलन महिला थाटीपुर शाखा की ओर से आयोजित किए गए हरियाली तीज उत्सव का। गुरुवार को सिटीसेन्टर स्थित स्कारलेट में महिलाओं ने एक साथ मिलकर हरियाली तीज उत्सव धूमधाम के मनाया।



जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि हरियाली नृत्य मनीष जैन, नीलम जैन, एवं रुचि जैन ने सामूहिक बन्ना रे बाग में झूल डाल... गाने पर डांस किया तो सभागार में तालियां गड़गड़ाहट से गूंज गया। हरियाली उत्सव का शुभारंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जैन मिलन की क्षेत्रीय मंत्री अनीता जैन, क्षेत्रीय संजोजिक रेखा जैन, क्षेत्रीय गौरव स्मृति सदस्य सरोज जैन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती सारिका जैन, सचिव श्रीमती साधना जैन एवं कोषाध्यक्ष अभिलाष जैन ने अतिथिओ एवं सदस्यो का तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया। संचालन रंजना गोध व उर्मिला जैन ने किया।

### हरियाली क्वीन विनर प्रियंका जैन रही

महिलाओ ने फैशन का है ये जलवा रैप कैट वॉक कर तीज क्वीन प्रतियोगिता में'हरियाली क्वीन की विनर प्रियंका जैन रही। सावन हरियाली तीज उत्सव के दौरान महिलाओं ने सावन गीतों पर आधारित गेम खिलाया गया और हरियाली तीज पर आधारित हाऊजी खिलाई। साथ ही बेलूम गेम्स मनोंरजन गेम, सरप्राईज गेम आदि खिलाए। विजेता को पुरुस्कार आतिथियो ने प्रदान करें।

## संक्षिप्त समाचार

### अलग-अलग जगह तीन ने की आत्महत्या

ग्वालियर। शहर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में रहने वाले तीन युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार जनक गंज थाना क्षेत्र के श्री राम कॉलोनी निवासी प्रवीण प्रवीण शर्मा बीते रोज बाजार से घर आया और कमरे में चला गया कुछ देर बाद परिजनों ने जाकर देखा तो उसका शव फांसी पर झूल रहा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक का शव पीएम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। इसी थाना क्षेत्र के शिवनगर निवासी धीरज सिंह जादौन ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है ।एक अन्य जानकारी के अनुसार ग्वालियर थाना क्षेत्र के चंद्रनगर कलारी के पास रहने वाला अजय कुमार बीती शाम नशा करके घर आया और कमरे में चला गया ।सुबह परिजनों ने देखा तो उसका सब फांसी पर झूल रहा था ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### नाबालिग से की छेड़खानी के आरोपी को 3 साल की सजा

ग्वालियर।तीन वर्ष पुराने छेड़खानी के एक मामले में न्यायालय ने आरोपी को 3 साल का कारावास और 5 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपी ने नाबालिग के घर में घुसकर अकेला पाकर उसके साथ छेड़खानी की थी। विशेष लोक अभियोजक हरिओम वर्मा ने बताया कि 12 जून 2019 को नाबालिग के परिवार के लोग जन्मदिन में खाना खाने गए थे और वह घर में अकेली थी। तभी मौके का फायदा उठाकर नरेश मौर्य उनके घर में घुस गया और नाबालिग का मुंह दबाकर छेड़खानी करने लगा। इसी दौरान नाबालिग उसे लात मारकर घर से बाहर भाग गई थी। आरोपी के खिलाफ थाने में मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में आरोप सिद्ध होने पर बुधवार को न्यायालय ने आरोपी को 3 वर्ष का कारावास और पांच हजार रुपए के अर्थदंड के साथ ही 40 हजार रुपए का प्रतिकर दिलाए जाने की बात कही है।

### कामा आयुर्वेदा ने डीबी मॉल में अपना फ्लैगशिप स्टोर खोला

ग्वालियर। ग्वालियर के सौन्दर्य प्रेमी अब अपने ही शहर में कामा आयुर्वेद के शाही ब्राण्ड की उत्कृष्ट सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। भारत के अग्रणी लक्ज़री आयुर्वेदिक ब्यूटी एवं वैलनैस ब्राण्ड कामा आयुर्वेदा ने शाही परम्पराओं और सांस्कृतिक धरोहर के लिए विख्यात शहर ग्वालियर में अपना फ्लैगशिप स्टोर खोला है। रेसकोर्स रोड पर स्थित डीबी मॉल में खोला गया यह स्टोर मध्य प्रदेश में ब्राण्ड का पहला स्टैण्डअलोन स्टोर है। कामा के मार्केटिंग हेड आदित्य धवन ने जानकारी देते हुए बताया किकामा आयुर्वेदा आयुर्वेद और आधुनिकता का बेहतरीन संयोजन है, जो रोजमर्रा में इस्तेमाल के लिए लक्ज़री आयुर्वेदिक प्रोडक्ट्स लेकर आता है, इन प्रोडक्टस में स्किनकेयर, हेयरकेयर, बॉडीकेयर और वैलनैस प्रोडक्ट्स की व्यापक रेंज शामिल है। स्टोर में ब्राण्ड के सभी लोकप्रिय प्रोडक्ट्स जैसे कुमकुमादि स्किनकेयर रेंज, भृंगराज इन्टेन्सिव हेयर केयर रेंज, प्योर रोज़ वॉटर, नलपामरादी थैलम स्किन ब्राइटनिंगग ट्रीटमेन्ट तथा विशेष रूप से तैयार किए गए गिफ्ट सेट उपलब्ध हैं। श्री धवन ने बताया कि इस स्टोर में आयुर्वेदिक चिकित्सक नताशा शर्मा परामर्श देगी उनसे ऑनलाइन भी परामर्श किया जा सकता है। इस अवसर पर कामा आयुर्वेदा के सह-संस्थापक एवं सीईओ विवेक साहनी ने कहा, 'ग्वालियर में विस्तार की घोषणा करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।

### स्वनिधि महोत्सव का आयोजन 30 को अटल सभागार में

ग्वालियर। ग्वालियर शहर के शहरी पथ विक्रेताओं एवं उनके परिवार के सदस्यों के साथ आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 'स्वनिधि महोत्सव' के रंगारंग कार्यक्रम का भव्य आयोजन 30 जुलाई को समय सायं 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक जीवाजी विश्व विद्यालय के अटल सभागार में आयोजित किया जा रहा है। उपायुक्त श्रम कल्याण सुश्री मिनी अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त किशोर कन्याल के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मुख्य कार्यक्रम का आयोजन 30 जुलाई 2022 को सायं 4 बजे से जीवाजी विश्व विद्यालय के अटल सभागार में किया जाएगा। जिसमें स्ट्रीट फूड वेंडर की प्रदर्शनी सह विक्री, स्वसहायता समूहों द्वारा बनाये गए प्रदर्शनी सह विक्री, ऋण मेला का आयोजन, डिजीटल प्रशिक्षण, परिचय पत्र बोर्ड का वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरूस्कार वितरण एवं पथ विक्रेताओं का सम्मान किया जाए।

### डॉ प्रमोद पहारिया बने लॉयंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट चेयर पर्सन

ग्वालियर। डा. प्रमोद पहारिया को पीडीजी नितिन मांगलिक की अनुशंसा पर रोशन सेठी द्वारा ग्वालियर, चंबल एवं गुना संभाग में लॉयंस क्लब का डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन (मेडिकल कैम्प) मनोनीत किया गया है। उन्होंने कहाकि मेडिकल कैम्प की जिम्मेदारी का मुझे जो दायित्व दिया गया है उसे मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करूंगा। उनके द्वारा 31 जुलाई को एक ब्लड डोनेशन एवं सुपर स्पेशलिटी कैम्प देहली हॉस्पीटल, ओल्ड श्री टॉकीज, बारादरी, मुरार में आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी मरीजों को उचित चिकित्सा परामर्श दिया जाएगा। डॉ. श्रीप्रकाश लोहिया, डॉ. योगेन्द्र पहारिया, डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा, डॉ. आकाश मोदी, डॉ. अशोक राजौरिया सहित अनेक डाक्टरों ने उनके मनोनयन पर बधाई दी एवं उनके मेडिकल कार्य में सहयोग करने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त राजेश दंडोतिया (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक) ने भी बधाई दी.डॉ. पहारिया ने सभी शहरवासियों से इस मेडिकल कैम्प में सम्मिलित होकर इस कैम्प का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### जलसेवा धारियों का सम्मान 30 को

ग्वालियर।पंजाबी परिषद समिति ग्वालियर की एक साधारण बैठक मुख्य परामर्शदाता कुलबीर भारद्वाज के निवास पर रखी गई। भारद्वाज पिछले काफी समय से गंभीर बीमारी सेअस्वस्थ चल रहे थे वह अब पूर्ण तय है स्वस्थ है एवं 90 दिनों तक स्टेशन पर चल रही जल सेवा के समापन पर सुंदरकांड का आयोजन प्रातः 10-00 से संकट मोचन हनुमान मंदिर फूल बाग गेंद घर के पास जल सेवा धारियों ने इस भीषण गर्मी में स्टेशन पर जाकर यात्रियों को निशुल्क शीतल जल सेवा प्रदान की उनका सम्मान का आयोजन 30 जुलाई शनिवार को सुंदरकांड की समाप्ति के बाद 240 जलसेवा धारियों का सम्मान सम्मान किया जाएगा।बैठक में पंजाबी परिषद समिति के अध्यक्ष अशोक मारवाह ,जल सेवा संयोजिका प्रमिला मारवाह, महिला अध्यक्ष मधु भारद्वाज, सचिव जी के सूरी सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे जिसमें होने वाले कार्यक्रम का संयोजक मनोहर लाल भल्ला, मधु भारद्वाज , जीके सूरी को बनाया गया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478